दैनिक
मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ से एक साथ प्रकाशित
RNI. No. 69062/94
निष्पक्ष एवं निर्भीक विचारों का समाचार पत्र
# प्रभात परिक्रमा
वर्ष: 30 | अंक: 235 | भोपाल, मंगलवार 9 सितंबर 2025 | पृष्ठ: 08 | मूल्य: 1 रुपए

आवश्यकता है
दैनिक प्रभात परिक्रमा समाचार पत्र को प्रदेश के सभी जिलों एवं तहसील स्तर पर संवाददाता एवं एजेंटों की आवश्यकता है
: संपर्क :
9425023929

### विश्वविद्यालयों में कृषि संकाय, फैशन डिजाइनिंग जैसे रोजगारपरक कोर्स संचालन के लिए हो रही है विशेष पहल : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

# माता-पिता, गुरुजनों के योगदान के प्रति हमेशा रहें कृतज्ञ : राज्यपाल

- दीक्षांत, शैक्षणिक यात्रा की पूर्णता के साथ, समाज और राष्ट्र की सेवा यात्रा का शुभारंभ अवसर

नगर प्रतिनिधि | भोपाल




राज्यपाल एवं कुलाधिपति मंगुभाई पटेल ने कहा कि विद्यार्थी अपने माता-पिता और गुरूजनों के योगदान के प्रति हमेशा कृतज्ञ रहें। सफलता के बाद भी उनका हमेशा सम्मान करें। दीक्षांत शपथ का प्रतिदिन मनन करें और जीवन भर उसका अनुसरण भी करें।

राज्यपाल पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नए, डिजिटल और विकसित भारत के सपने को साकार करने में विश्वविद्यालयों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। दीक्षांत, वह अवसर है जब शैक्षणिक यात्रा की पूर्णता के साथ, समाज और राष्ट्र की सेवा यात्रा का शुभारंभ होता है।

यह केवल डिग्री प्राप्त करने का उत्सव नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के वर्षों की मेहनत, अनुशासन और गुरुजनों के सफल मार्गदर्शन का प्रतिफल है। राज्यपाल श्री पटेल सोमवार को बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे।

राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर समारोह का शुभारंभ किया। विश्वविद्यालयीन स्मारिका और पुस्तक का लोकार्पण भी किया। राज्यपाल व कुलाधिपति श्री पटेल तथा मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अगुवाई में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की शोभा यात्रा ने मंत्रोच्चार के बीच सभागार में प्रवेश किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के माध्यम से आज 54 हजार से अधिक विद्यार्थियों को स्नातक, 23 हजार विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर, 190 विद्यार्थियों को पीएचडी, 21 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल, इस प्रकार कुल 78 हजार विद्यार्थियों के सपने साकार हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों को बधाई दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में प्राइवेट कॉलेज और शासकीय विश्वविद्यालयों को मेडिकल कॉलेज और अस्पताल खोलने के लिए सरकार पूर्ण सहयोग प्रदान कर रही है। देवी अहिल्याबाई विश्वविद्यालय इंदौर के सहयोग से जनजातीय बहुल झाबुआ जिले में मेडिकल कॉलेज खुलने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश में सुशासन की नई बयार आई है। देश के युवा, किसान, गरीब सभी वर्गों के कल्याण के साथ सरकार आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी देश के स्वाभिमान और समाज के सभी वर्गों के हितरक्षक हैं।

#### दीक्षांत समारोह अब भारतीय परंपरा के अनुरूप आयोजित किए जा रहे हैं : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में भारतीय अपनी क्षमता से विश्व में पहचान बना रहे हैं। अतीत की गलतियों को सुधारते हुए दीक्षांत समारोह अब भारतीय परंपरा के अनुरूप आयोजित किए जा रहे हैं। प्रदेश में सबसे पहले वर्ष 2020 में शिक्षा नीति लागू की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में सभी भाषाओं के अध्ययन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सभी राज्यों में बोली जाने वाली भाषाएं हमारी राष्ट्रभाषा हैं। मध्यप्रदेश सरकार ने राष्ट्रभाषा हिंदी में मेडिकल की पढ़ाई कराने की पहल की है, जिसे काफी सराहना मिल रही है। शिक्षा को केवल नौकरियों से न जोड़ा जाए, यह समाज में ज्ञान के सतत प्रसार का माध्यम है। राज्य में कुलपति को कुलगुरु की नई संज्ञा मिली है, जिसे जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय दिल्ली ने भी अपनाया है। प्रदेश के विश्वविद्यालयों में नवाचारों के साथ कृषि संकाय और फैशन डिजाइनिंग जैसे रोजगारपरक पाठ्यक्रम की पढ़ाई कराई जा रही है।

#### खिले विद्यार्थियों के चेहरे

राज्यपाल पटेल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से युवाओं के लिए उनके कौशल, रुचि और क्षमता के अनुसार शिक्षा के प्रत्येक स्तर पर अनेक अवसर विद्यमान है। आज देश में कृषि, खाद्य, फिजिकल एजुकेशन, साइबर सिक्योरिटी, फोरेंसिक साइंस, ड्रोन तकनीक और विधि आदि विषयों में कैरियर की संभावनाएं तेजी से बढ़ी है। राज्यपाल श्री पटेल ने युवाओं से अपने ज्ञान और कौशल से समाज और राष्ट्र उत्थान के लिए आगे आने का आह्वान किया है। राज्यपाल श्री पटेल ने समारोह में विद्यार्थियों को डिग्री और स्वर्ण पदक प्रदान किए। दीक्षित विद्यार्थियों और स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ताओं को बधाई दी।

## संक्षिप्त खबरें

### मेहुल चोकसी को ऑर्थर जेल में साफ टॉयलेट, पानी मिलेगा

**नई दिल्ली एजेंसी।** पंजाब नेशनल बैंक के 13,850 करोड़ के फ्रॉड के आरोपी और भगोड़ा बिजनेसमैन को बेल्जियम से भारत लाने की कोशिश जारी हैं। केंद्र ने बेल्जियम सरकार को एक लेटर में बताया कि चोकसी को मुंबई के आर्थर रोड जेल के बैरक नंबर-12 में रखा जाएगा। वहां एक कोठरी में 6 लोगों के रहने की क्षमता है। लेटर में कहा गया कि अगर चोकसी को बेल्जियम से भारत लाए जाता है, तो उसके साथ मानवीय व्यवहार किया जाएगा। उसे 14 से ज्यादा सुविधाएं देने का भरोसा दिया है। हालांकि, केंद्र ने चोकसी के प्रत्यर्पण के लिए यह पत्र कब लिखा इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। भारतीय जांच एजेंसियों के प्रत्यर्पण की अपील पर, चोकसी को 12 अप्रैल को बेल्जियम में गिरफ्तार किया गया था। भगोड़ा नीरव लंदन में है। उसके प्रत्यर्पण के लिए भी कोशिशें जारी हैं।

### मैच शुरु होने से एक घंटा पहले पहुंचे ट्रंप की जमकर हुई हूटिंग

**वॉशिंगटन एजेंसी।** यूएस ओपन का फाइनल मैच देखने पहुंचे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। इस मैच में दर्शक दर्शकों ने तालियों के साथ हूटिंग के साथ उनका मैच में स्वागत किया। दरअसल, यूएस ओपन 2025 के फाइनल मैच के लिए रोलेक्स ने अमेरिकी राष्ट्रपति को नैच देखने के लिए आमंत्रित किया था। वह अपने मंत्रिमंडल और परिवार के सदस्यों के साथ स्टेडियम में मैच शुरू होने से 1 घंटे पहले ही मैदान में पहुंच गए थे। मगर, मैच शुरू होने से पहले नेशनल ऐंथम के दौरान कैमरा जैसे ही उनके ऊपर फोकस कियाज लोग जोर-जोर से चिल्ला कर हूटिंग करने लगे। हालांकि, ट्रंप ने कोई प्रतिक्रिया न देते हुए केवल स्माइल करते रहे। मगर, ये जानना जरूरी है कि ट्रंप के खिलाफ दर्शकों ने हूटिंग क्यों की?

### भोपाल में बच्ची का शव 15 किलोमीटर दूर मिला

# बारिश थमी, उफनी नदियों से निकाले शव
# उज्जैन की शिप्रा में महिला कांस्टेबल की तलाश



नगर प्रतिनिधि | भोपाल

मध्यप्रदेश में रविवार से भले ही तेज बारिश का दौर थम गया, लेकिन नदी-नाले अभी उफान पर हैं। नर्मदापुरम, रतलाम, जबलपुर, टीकमगढ़, उमरिया और बालाघाट में हल्की बारिश हुई। इधर, सोमवार को भोपाल, इंदौर समेत अधिकांश जिलों में तेज धूप खिली रही।

दूसरी ओर सोमवार को सागर में सवा इंच, खजुराहो में आधा इंच बारिश हुई। छिंदवाड़ा, उमरिया में भी बूंदाबांदी का दौर जारी रहा। मौसम विभाग के अनुसार, अभी प्रदेश में मानसून समेत दो टर्फ की एक्टिविटी जरूर है, लेकिन वे स्ट्रॉन्ग नहीं हैं। इस वजह से भारी बारिश का दौर थमा है। इससे पहले रविवार को भोपाल के बैरसिया में 12 साल की चिंको नदी में बह गई। वह अपने दादा बाबूलाल साहू (70) के साथ खजुरिया रामदास गांव में ब्रह्म नदी में तर्पण करने गई थी। दादा का शव कुछ घंटे बाद ही मिल गया था। बच्ची को एसडीआरएफ और होमगार्ड की टीम तलाशती रहीं और सोमवार देर शाम को बच्ची का शव घटनास्थल से 15 किलोमीटर दूर मिल गया। रविवार को दिनभर रेस्क्यू किया गया, लेकिन बच्ची का पता नहीं चल सका था। इसके बाद रेस्क्यू शाम को बंद हो गया । सोमवार सुबह 7 बजे से फिर से रेस्क्यू किया गया। बैरसिया एसडीएम आशुतोष शर्मा ने बताया कि शाम 5 बजे देवराखेड़ा में बच्ची का शव मिला। बैरसिया विधायक विष्णु खत्री भी मौके पर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। इधर, उज्जैन में पुल से कार गिरने के मामले में एसआई का शव भी मिल गया है। वहीं महिला कांस्टेबल की तलाश जारी है। ओंकारेश्वर में रविवार देर शाम नर्मदा स्नान के दौरान एक युवक डूब गया। राजस्थान के पाली शहर से आए 6 दोस्तों के ग्रुप में से चिराग उर्फ उमेद (25) अपने साथी को बचाने के लिए नदी में कूदा था। पुलिस और गोताखोर सोमवार सुबह से उसकी तलाश कर रहे हैं।

#### कहीं भी तेज बारिश का अलर्ट नहीं

सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया- नया सिस्टम एक्टिव होने के बाद बारिश शुरू होगी। अभी उत्तरी गुजरात और दक्षिण-पश्चिम राजस्थान के ऊपर से लो प्रेशर एरिया एक्टिव हो रहा है। अगले 2 दिन में यह आगे बढ़ेगा। जिसका असर एमपी में भी देखने को मिल सकता है। यानी इस महीने एक ब्रेक के बाद फिर से तेज बारिश का दौर शुरू होगा।

### विभागीय जांच से निकले नारायण, कैलाश

## पति-पत्नी एक साथ बने आईएएस, राज्य प्रशासनिक सेवा के 16 अफसर पदोन्नत

नगर प्रतिनिधि | भोपाल



मध्य प्रदेश कैडर के 16 राज्य प्रशासनिक सेवा (एसएएस) अधिकारियों को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में पदोन्नत किया गया है। इनमें वे अधिकारी भी शामिल हैं जो विभागीय जांच के चलते पिछले सालों में प्रमोशन से वंचित रह गए थे। राकेश कुशरे और नंदा भलावे कुशरे को एक साथ पदोन्नति मिली है, वे पति-पत्नी हैं। जांच में क्लीनचिट मिलने के बाद नारायण प्रसाद नामदेव और कैलाश बुंदेला भी आईएएस बन गए हैं। उज्जैन नगर निगम के पूर्व कमिश्नर आशीष पाठक को भी आईएएस में पदोन्नति दी गई है। मिनिस्ट्री ऑफ पर्सनल, पब्लिक ग्रीवेंस एंड पेंशन्स (डिपार्टमेंट ऑफ पर्सनल एंड ट्रेनिंग-DoPT) की ओर से सोमवार को 2023 और 2024 बैच के लिए आईएएस अवॉर्ड का नोटिफिकेशन जारी किया गया। इन दोनों ही सालों के लिए राज्य प्रशासनिक सेवा अधिकारियों की विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक पिछले महीने हुई थी। अब नोटिफिकेशन जारी होने के बाद इन दोनों सालों में 8-8, यानी कुल 16 अधिकारियों को आईएएस में पदोन्नत कर दिया गया है।

### इंदौर के पास पीथमपुर में हादसा

## ऑयल कंपनी में गैस लीकेज तीन कर्मचारियों की मौत



- प्लांट पर काम करने के दौरान हुआ रिसाव

नगर प्रतिनिधि | इंदौर

इंदौर के पास पीथमपुर में एक ऑयल कंपनी में गैस रिसाव हो गया। इससे वहां काम कर रहे तीन कर्मचारियों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि प्लांट में काम करने के दौरान अचानक गैस रिसाव होने लगा था। गैस रिसाव की चपेट में तीन कर्मचारी आ गए।

घटना बगदून थाना क्षेत्र में स्थित सागर श्री ऑयल कंपनी में रविवार शाम करीब 6 से 6.30 बजे के बीच की बताई जा रही है। कंपनी में मैनेजर लोकेश गुप्ता ने बताया कि वह प्लांट पर काम कर रहे थे। इस दौरान अचानक गैस लीकेज हुई। जिसमें एक मजदूर बेहोश हो गया। इसके बाद उसके दो साथी उसे उठाने पहुंचे। जिससे वह भी चपेट में आ गए। तीनों कर्मचारी के नाम सुनील (35), दीपक (30) और जगदीश निवासी इंडोरमा पीथमपुर हैं। तीनों को तुरंत वहां से बाहर निकालकर नजदीक के अस्पताल ले जाया गया। यहां से इंदौर के एमवाय अस्पताल भेजा गया। बताया जा रहा है कि तीनों कर्मचारी को बेहोशी की हालत में एमवाय अस्पताल लेकर आया गया था। यहां पर डॉक्टरों ने तीनों को चेकअप के बाद मृत घोषित कर दिया।

## सुप्रीम कोर्ट बोला- आधार पहचान का प्रमाण, नागरिकता का नहीं

- एसआईआर पर सुनवाई में चुनाव आयोग से कहा- इसे 12वां दस्तावेज माना जाए

एजेंसी | नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को बिहार में एसआईआर (वोटर वेरिफिकेशन) के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा- आधार पहचान का प्रमाण पत्र है, नागरिकता का नहीं। कोर्ट ने चुनाव आयोग को आदेश दिया कि वोटर की पहचान के लिए आधार को 12वें दस्तावेज के तौर पर माना जाए। बिहार SIR के लिए फिलहाल 11 निर्धारित दस्तावेज हैं, जिन्हें मतदाताओं को अपने फॉर्म के साथ जमा करना होता है।

जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने ये भी कहा कि आधार कार्ड को लेकर अगर किसी तरह की शंका हो तो आयोग इसकी जांच कराए। कोई भी नहीं चाहता कि चुनाव आयोग अवैध प्रवासियों को मतदाता सूची में शामिल करे। केवल वास्तविक नागरिकों को ही वोट देने की अनुमति होगी। जो लोग फर्जी दस्तावेजों के आधार पर दावा कर रहे हैं, उन्हें मतदाता सूची से बाहर रखा जाएगा। सुनवाई शुरू होने पर कोर्ट में कांग्रेस लीडर और सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने कहा- 10 जुलाई को कोर्ट ने चुनाव आयोग को आधार कार्ड स्वीकार करने को कहा।

## पार्षद अनवर कादरी का रिमांड 12 सितंबर तक बढ़ा, नागपुर से लेकर लौटी पुलिस

### अनवर-आयशा का कराया आमना-सामना

नगर प्रतिनिधि | इंदौर



इंदौर की बाणगंगा पुलिस ने दूसरी बार रिमांड खत्म होने के बाद पार्षद अनवर कादरी को सोमवार को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने पुलिस की मांग पर उनका रिमांड 12 सितंबर तक बढ़ा दिया है।

पुलिस का कहना है कि अनवर से अब तक कई अहम दस्तावेज और अकाउंट की डिटेल्स नहीं मिली है, जिन्हें लेकर आगे पूछताछ की जाएगी। पुलिस रविवार को अनवर कादरी को नागपुर से इंदौर लेकर लौटी थी, लेकिन वहां से कोई खास जानकारी हाथ नहीं लगी।

दूसरी ओर पुलिस ने अनवर की बेटी आयशा को रिमांड खत्म होने के बाद जेल भेज दिया है। पूछताछ के दौरान पुलिस ने अनवर और आयशा का आमना-सामना भी कराया, लेकिन कोई ठोस जानकारी सामने नहीं आई। इससे पहले कोर्ट ने अनवर को 5 दिन के रिमांड पर पुलिस को सौंपा था।

सदर बाजार पुलिस ने भी अवैध हथियारों के लाइसेंस को लेकर अनवर कादरी से पूछताछ करने की तैयारी कर रही है। अफसरों के मुताबिक, रिमांड अवधि में और भी मामलों पर तफ्तीश की जाएगी। बता दें कि कादरी के घर से एक फर्जी आर्म्स लाइसेंस मिला था, जो उसने जम्मू-कश्मीर से बनवाया था।

## 17 को धार के भैंसोला आएंगे पीएम मोदी, सेवा पखवाड़े की शुरुआत होगी

नगर प्रतिनिधि | इंदौर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 सितंबर को मध्य प्रदेश के दौरे पर आएंगे। पीएम मोदी धार के बदनावर में पीएम मित्रा पार्क का भूमिपूजन करेंगे। प्रधानमंत्री के दौरे की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रालय में अधिकारियों की बैठक ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी 17 सितंबर को धार जिले के भैंसोला गांव आएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री सेवा पखवाड़े के शुभारंभ के साथ खासकर स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ करने के साथ मध्य प्रदेश में बनने वाले पीएम मित्रा पार्क के शिलान्यास के लिए पधार रहे हैं। धार क्षेत्र में हमारे किसानों को बड़ी सौगात मिलेगी। कपास पर आधारित बड़ा इंडस्ट्रियल पार्क विकसित होगा, जिससे एक लाख लोगों को प्रत्यक्ष और दो लाख लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा।

**प्रदर्शन** | काठमांडू में प्रदर्शनकारियों को देखते ही गोली मारने का आदेश; सोशल मीडिया बैन से नाराज युवा

# नेपाल के विरोध-प्रदर्शन में 20 की मौत, गृहमंत्री का इस्तीफा

एजेंसी | काठमांडू

नेपाल में सुबह से जारी विरोध प्रदर्शन में अब तक 20 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 250 से ज्यादा घायल हैं। बढ़ते विरोध के बीच नेपाल के गृहमंत्री रमेश लेखक ने इस्तीफा दे दिया है।

सोशल मीडिया बैन और सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ सोमवार सुबह 12 हजार से ज्यादा प्रदर्शनकारी संसद भवन परिसर में घुस गए, जिसके बाद सेना ने कई राउंड फायरिंग की। इस विरोध की अगुआई तद्दठ्ठ-ˆ यानी 18 से 28 साल के युवा कर रहे हैं। संसद भवन, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, पीएम आवास के पास के इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया गया है। काठमांडू प्रशासन ने तोड़फोड़ करने वालों को देखते ही गोली मारने के आदेश दे दिए हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, प्रदर्शनकारियों ने संसद के गेट नंबर 1 और 2 पर कब्जा कर लिया था। नेपाल के इतिहास में संसद में घुसपैठ का यह पहला मामला है। बढ़ते दबाव के बीच सरकार ने सोशल मीडिया एप से बैन हटा दिए हैं।




#### सरकार ने 3 सितंबर को सोशल मीडिया बैन किया था

नेपाल सरकार ने 3 सितंबर को फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब समेत 26 सोशल मीडिया साइट्स पर बैन लगाने का फैसला किया था। इन प्लेटफॉर्म ने नेपाल के संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में रजिस्ट्रेशन नहीं कराया था। इसके लिए मंत्रालय ने 28 अगस्त को आदेश जारी कर 7 दिन का समय दिया था, यह समय सीमा 2 सितंबर को खत्म हो गई।

प्रभात परिक्रमा

भोपाल, मंगलवार 9 सितंबर 2025

## संपादकीय

# आम आदमी को राहत

पिछले कई वर्षों से माल एवं सेवा कर यानी जीएसटी प्रणाली और इसकी दरों को लेकर सवाल उठ रहे थे, लेकिन इस मसले पर सरकार के भीतर कोई खास उत्साह नहीं दिख रहा था। नतीजतन, ऐसी बहुत सारी वस्तुओं पर भी कर के रूप में लोगों को नाहक ही ज्यादा रकम चुकानी पड़ रही थी, जिन्हें अनिवार्य आवश्यकताओं के रूप में जाना जाता है। अब आखिरकार सरकार ने जीएसटी की दरों में बड़े बदलाव की घोषणा की है और इसे आम जनता के लिए भारी राहत के तौर पर पेश किया जा रहा है। हालांकि कई वस्तुओं और सेवाओं पर अब तक लागू कर की दरों में जिस तरह कमी की गई है, उससे अर्थव्यवस्था को भी गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। इसके तर्कसंगत होने को लेकर जिस तरह के सवाल उठते रहे हैं, उसमें यह निश्चित रूप से एक बड़ा बदलाव है, लेकिन विपक्षी दलों ने इसे बहुत देर से उठाया गया कदम बताया है। गौरतलब है कि बुधवार को जीएसटी परिषद की बैठक में जिन नई दरों को मंजूरी दी गई, उसके तहत बारह फीसद और अट्ठाईस फीसद के स्तर को खत्म कर दिया गया है और अब सिर्फ पांच और अठारह फीसद की दर लागू रहेगी। मगर कुछ खास वस्तुओं पर जीएसटी को चालीस फीसद तक बढ़ा दिया गया है। इसी महीने की बाईस तारीख से लागू होने वाले करों के नए ढांचे में जो बदलाव किए गए हैं, उसके तहत लोगों के लिए आम उपयोग में आने वाली वस्तुओं और सामान्य सेवाओं के मामले में काफी राहत दी गई है। मसलन, खाद्य और डेयरी उत्पाद, दवाएं, तेल, घी, सूखे मेवे, चपाती आदि रोजमर्रा के इस्तेमाल में आने वाली कई उपयोगी चीजों को पांच फीसद के कर-ढांचे में डाला गया है। जबकि जीवन-बीमा सहित कुछ जीवनरक्षक दवाओं पर जीएसटी शून्य कर दी गई है। वहीं, वातानुकूलन यंत्र, टीवी, प्रोजेक्टर सहित कई इलेक्ट्रोनिक चीजों को अठारह फीसद के स्तर में लाया गया है। इससे इतर, बड़े आकार वाली महंगी कारों के साथ-साथ पान मसाला, सिगरेट, गुटखा और कैफीनयुक्त पेय जैसी कुछ चीजों पर अब चालीस फीसद जीएसटी तय की गई है। जाहिर है, नए ढांचे का मकसद आबादी के एक बड़े हिस्से के खर्च और उपभोग को राहत के दायरे में लाकर अर्थव्यवस्था को रफ्तार देना है। यह एक आम हकीकत है कि अगर कोई वस्तु लोगों की आय के मुताबिक क्रयशक्ति की सीमा में होती है, तभी वे उसे खरीदने या उसके उपयोग को लेकर सहज होते हैं। कर की दरों में कमी के बाद वस्तुओं या सेवाओं की कीमतों में जो अंतर आएगा, आम इस्तेमाल में आने वाली चीजों की महंगाई में गिरावट आएगी, उससे बड़ी संख्या में लोग उसके उपभोग के दायरे में आ जाएंगे।

**अग्नि-5 मिसाइल को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने विकसित किया है और इसका प्रक्षेपण भारत की 'स्ट्रैटेजिक फोर्सेज कमांड' के तत्वावधान में किया गया। अग्नि-5 के सफल परीक्षण के साथ भारत के आग्नेयास्त्र भंडार में एक और शक्तिशाली और घातक अस्त्र शामिल हो गया है। पृथ्वी शृंखला और अग्नि-2 जैसी विभिन्न सामरिक और कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों के सफल परीक्षण के बाद भारत ने अग्नि-5 नामक आईआरबीएम (मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल) बना ली है। हालांकि, अग्नि-5 की सटीक मारक क्षमता अभी सार्वजनिक नहीं की गई है। बाकी सभी आईआरबीएम की मारक दूरी आमतौर पर 3,000 किलोमीटर से 5,500 किलोमीटर के बीच होती है, जो काफी हद तक स्फोटक शीर्ष यानी मुखास्त्र के वजन पर निर्भर करती है। मुखास्त्र का वजन बढ़ने पर मारक सीमा कम हो जाती है।**

# अग्नि-5 - भारतीय उद्यम और पराक्रम की वैश्विक मुनादी

(संजय बनर्जी, रिटायर्ड कर्नल)

भारतीय उद्यम और पराक्रम के प्रकाश से हमारा पूर्वी क्षितिज उस वक्त जगमगा उठा, जब 20 अगस्त को ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत मिसाइल परीक्षण रेंज से भारत ने अपनी बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-5 का सफल परीक्षण किया। अब्दुल कलाम द्वीप से जब यह मिसाइल दक्षिण में बंगाल की खाड़ी के ऊपर से होते हुए अपने लक्ष्य की ओर बढ़ी, तब इसके भारतीय निर्माता वैज्ञानिकों और इंजीनियरों के साथ दुनिया भर की निगाहें प्रक्षेपण पथ पर टिक गईं, क्योंकि इससे पहले भारत ने नोटम जारी किया था। नोटम दरअसल हवाई क्षेत्र के साथ समुद्री जहाजों के लिए जारी किया जाता है, ताकि इस दौरान कोई विमान या जहाज संबंधित क्षेत्र में न आए।

अग्नि-5 मिसाइल को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने विकसित किया है और इसका प्रक्षेपण भारत की 'स्ट्रैटेजिक फोर्सेज कमांड' के तत्वावधान में किया गया। अग्नि-5 के सफल परीक्षण के साथ भारत के आग्नेयास्त्र भंडार में एक और शक्तिशाली और घातक अस्त्र शामिल हो गया है। पृथ्वी शृंखला और अग्नि-2 जैसी विभिन्न सामरिक और कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों के सफल परीक्षण के बाद भारत ने अग्नि-5 नामक आईआरबीएम (मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल) बना ली है। हालांकि, अग्नि-5 की सटीक मारक क्षमता अभी सार्वजनिक नहीं की गई है। बाकी सभी आईआरबीएम की मारक दूरी आमतौर पर 3,000 किलोमीटर से 5,500 किलोमीटर के बीच होती है, जो काफी हद तक स्फोटक शीर्ष यानी मुखास्त्र के वजन पर निर्भर करती है। मुखास्त्र का वजन बढ़ने पर मारक सीमा कम हो जाती है।

इस मिसाइल का विकास स्वदेशी स्तर पर भारत में ही किया गया है। इसके सभी प्रमुख अंग मसलन- तीन चरणों में ईंधन सिलिंडर को सक्रिय करने वाली प्रणाली, परिवहन एवं मार्गदर्शन प्रणाली और हथियार भारत में निर्मित हैं, जो देश के लिए गर्व की बात है। इसकी परिवहन और मार्गदर्शन प्रणाली अत्यधिक जटिल एवं परिष्कृत है, जो भारतीय उपग्रह प्रणालियों से डाटा और इनपुट लेती है। यह विशेषता अग्नि-5 को लंबी दूरी तक अचूक मार करने वाला शक्तिशाली आग्नेयास्त्र बनाता है। यह मिसाइल पारंपरिक और परमाणु, दोनों तरह के हथियारों को ले जा सकती है।



अग्नि-5 का हमारे अस्त्रागार में शामिल होना, देश की सैन्य शक्ति और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। पाकिस्तान और चीन जैसे हमारे निकटतम पड़ोसियों को जरूर सावधान हो जाना चाहिए। यदि भारत को मजबूर किया जाता है या इसके अस्तित्व को चुनौती मिलती है, तो ऐसी स्थिति में अग्नि-5 को सहयोगी मारक अस्त्र के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके अलावा, यह एकीकृत वायु रक्षा कमान एवं नियंत्रण प्रणाली की कमियों को दूर कर उसे और मजबूत कर सकता है। अग्नि-5 की मारक दूरी यदि 5,000 किलोमीटर से ज्यादा है, तो इसके परिष्कृत व हल्के मुखास्त्रों के निशाने पर तुर्किये, यूरोप, रूस के कुछ हिस्से, जापान व ऑस्ट्रेलिया के उत्तर-पश्चिमी जलक्षेत्र सहित पूरे एशिया के देश आसानी से आ सकते हैं। इसकी उच्च-गुणवत्ता वाली लक्ष्य भेदन क्षमता और इसकी परिवहन मार्गदर्शन प्रणाली देश को मिसाइल महाशक्ति बनाती है, जो परमाणु एवं अन्य खतरों का प्रभावी रूप से मुकाबला करने में सक्षम हो गया है।

जाहिर है, भारत की सबसे लंबी दूरी की ऑपरेशनल बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-5 की संख्या व तैनाती का फैसला सर्वोच्च राजनीतिक निकाय सीसीएस (कैबिनेट सुरक्षा समिति) और स्ट्रैटेजिक फोर्सेज कमांड के विशेषज्ञों द्वारा ही किया जाएगा, जो स्वाभाविक रूप से एक गोपनीय विषय है और रहना भी चाहिए।

अगर दुनिया यह सोच रही है कि भारत आगे क्या करने वाला है, तो अग्नि-6 का इंतजार कीजिए। यह एक अंतर-महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल होगी, जो दुनिया के हर कोने तक मारक क्षमता रखेगी। तथाकथित महाशक्तियों और उनके द्वारा समर्थित दुष्ट राष्ट्रों के पास पहले से ही आईआरबीएम व आईसीबीएम मौजूद हैं। सिर्फ उन्हें ही बैलिस्टिक मिसाइलों के बल पर सत्ता और सुरक्षा का सुख क्यों भोगने देना चाहिए?(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# आप वाकई क्या चाहते हैं और क्यों?

(सुंदरचंद ठाकुर)

बहुत बार जब हम थककर, उलझन में या भ्रम में होते हैं, तब हम खुद से यह सवाल नहीं पूछते कि हम वाकई क्या चाहते हैं। हम बस दौड़ते रहते हैं। कभी दौड़ नौकरी की होती है, कभी रिश्तों की, कभी पहचान की और कभी बस एक दिखावे की। लेकिन उस भागदौड़ में क्या आपने कभी रुककर खुद से पूछा है कि मैं सच में चाहता क्या हूँ? यह सवाल बहुत सीधा लगता है, मगर इसका उत्तर उतना ही उलझा हुआ होता है। क्योंकि ज्यादातर लोग वही चाहते हैं जो उन्हें समाज ने सिखाया है ङ्क एक अच्छी नौकरी, सम्मान, पैसा, और एक 'सफल' जिंदगी। पर बहुत कम लोग जानते हैं कि जो वे चाहते हैं, वह उनके अपने दिल की पुकार है या समाज की बनाई हुई कोई नकल।जब हम बचपन में थे, तब हमारी चाहतें सरल थीं। खेलना और कुछ नया सीखना। पर जैसे-जैसे हम बड़े हुए, हमारे चाहने की दिशा दूसरों के प्रभाव में बदलती गई। हमें बताया गया कि डॉक्टर बनना अच्छा है, इंजीनियर बनना सम्मानजनक है और सरकारी नौकरी सुरक्षित है। लेकिन कभी आपने सोचा कि इन सबके पीछे आपका 'क्यों' क्या है? यानी क्यों आपको ऐसा करना चाहिए? क्या आप डॉक्टर इसलिए बनना चाहते हैं क्योंकि आपकी मां चाहती थीं? क्या आप अभिनेता इसलिए बनना चाहते हैं क्योंकि सबका ध्यान चाहिए? क्या आप शादी इसलिए करना चाहते हैं क्योंकि सब कर रहे हैं?यदि आपने अपने हर लक्ष्य के पीछे के 'क्यों' को नहीं टटोला है, तो हो सकता है कि आप ऐसी ज़िंदगी बिता रहे हों जो आपकी अपनी नहीं है। यह 'क्यों' ही है जो जीवन को अर्थ देता है। अगर किसी पहाड़ पर चढ़ना है और पता नहीं कि क्यों चढ़ना है, तो थकान ही थकान मिलेगी। मगर अगर भीतर कोई आग है, कोई गहरा मकसद, तो वह चढ़ाई तपस्या बन जाती है। जो लोग अपने जीवन में स्पष्टता पाते हैं, वे वही लोग होते हैं जिन्होंने अपने क्यों को जान लिया है। एक किसान अगर जमीन पर पसीना बहाता है, तो इसलिए नहीं कि बस मेहनत करनी है, बल्कि इसलिए कि उसे फसल चाहिए और फसल उसके बच्चों का भविष्य है। एक लेखक अगर रात को जागकर शब्दों में जान डालता है, तो इसलिए कि वह अपने भीतर की पीड़ा या प्रेम को दुनिया से बांटना चाहता है।जब तक हम यह नहीं समझते कि हमारी इच्छाएं कहां से आ रही हैं - हमारे मन की गहराई से या किसी बाहरी दबाव से तब तक हम भ्रम में जीते हैं। इसलिए अगली बार जब आप कोई सपना देखें, कोई लक्ष्य तय करें या किसी राह पर चलें, तो खुद से यह दो सवाल जरूर पूछें- क्या मैं वाकई यही चाहता हूं? और क्यों? ये दो सवाल बहुत कुछ साफ कर देंगे। आपके भीतर अगर कोई ऐसी पुकार है जो बार-बार लौटकर आती है, तो उसे अनसुना मत कीजिए। शायद वहीं से आपकी असली जिंदगी शुरू होती है।

याद रखिए- चाहतें वही मूल्य रखती हैं जिनका आधार सचाई पर हो। वरना हम बस भीड़ में एक चेहरा बन जाते हैं। जीवन को दिशा देना है तो उसकी जड़ में उतरिए। जो आप चाहते हैं, वह ही नहीं क्यों चाहते हैं, यह भी जानिए। वहीं से रोशनी फूटेगी। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

# भारतीय समाज की तरक्की पर दहेज हत्याओं का दाग



(कमलेश जैन, वरिष्ठ अधिवक्ता, सुप्रीम कोर्ट)

भारत में, खासकर हिंदू विवाह व्यवस्था में दहेज अत्यंत ही पुरानी और लज्जास्पद बीमारी है, जिसके उन्मूलन का प्रयास करते हुए सरकार को लगभग 65 वर्ष हो चुके हैं। गौर कीजिए, साल 1961 में ही दहेज निषेध अधिनियम बना था।

दरअसल, समय के साथ लोगों के जीवन में जैसे-जैसे पैसे आते गए, वैसे-वैसे ही दहेज उत्पीड़न के मामले भी बढ़ते चले गए। इस प्रताड़ना के तरीके भी बदले, बल्कि वीभत्स होते गए। हाल ही में ग्रेटर नोएडा में निक्की भाटी की हत्या इसका ज्वलंत उदाहरण है। खबरों के मुताबिक, निक्की के अमीर पिता ने स्कॉर्पियो कार, बुलेट मोटरसाइकिल, गृहस्थी के लिए जरूरी तमाम आधुनिक सामान के साथ नगद रकम देकर बेटी का धूमधाम से विवाह किया था। ऊपर से निक्की ब्यूटी पॉर्लर चलाकर भी कमा ही रही थी। मगर निक्की के पति का लोभ कभी कम नहीं हुआ। 36 लाख रुपये और मर्सिडीज की मांग न पूरी होने पर उसने न सिर्फ निक्की को मारा-पीटा, बल्कि उस पर ज्वलनशील पदार्थ जलाकर उसे आग के हवाले कर दिया। इस कृत्य को अंजाम देने में निक्की की सास भी भागीदार रही, जिसे उसके छह वर्षीय बेटे ने भी देखा।

ऐसी हत्याओं की संख्या प्रतिवर्ष हजारों में है। एनसीआरबी के आंकड़े बताते हैं कि साल 2022 के अंत तक अदालतों में 60,577 मुकदमे लंबित थे, जबकि उस साल 6,516 महिलाएं दहेज के लिए जान गंवा बैठीं। दरअसल, मुकदमों के फैसलों में अनावश्यक देरी ऐसी लापरवाही है, जो अपराधियों को फलने-फूलने के मौके देती है। कानून के अनुसार, दहेज का अर्थ है, कोई संपत्ति या कीमती चीज, जो विवाह के उपलक्ष्य में एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष को दी जाती हो। इसका संबंध मुस्लिम विवाह कानून की 'मेहर' से नहीं है। वहां शरीयत कानून लागू होता है।

दहेज कानून का एक महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि इसमें दहेज लेना और देना, दोनों ही अपराध है, जिसकी सजा कम से कम पांच साल कैद और 15 हजार रुपये जुर्माना होगा। इस कानून की धारा-4 के अनुसार, दहेज मांगने पर परिजनों के लिए कम से कम छह महीने की जेल का प्रावधान है, जिसे दो साल तक बढ़ाया जा सकता है। इसमें जुर्माने की राशि न्यूनतम 10 हजार तय की गई है। समय के साथ-साथ दहेज की मांग, मात्रा और आकार-प्रकार बढ़ता गया है। मुझे याद है कि 1980 में बिहार में एक मामला मेरे संज्ञान में आया था, जिसमें एक साइकिल के लिए दुल्हन को स्टोव से जला दिया गया था। धीरे-धीरे मांग और प्रताड़ना बढ़ती गई। आज यह लाखों-करोड़ों में पहुंच चुकी है।

दरअसल, इस आपराधिक कुकृत्य पर रोक न लगते देख भारतीय दंड संहिता में धारा 498-ए लानी पड़ी, जिसमें दुल्हन के उत्पीड़न पर तीन साल तक कैद और जुर्माने का प्रावधान किया गया। शुरू में इस कानून के तहत एफआईआर होते ही, उसमें दर्ज तमाम आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाता था। मगर जब झूठे मुकदमे दर्ज कराए जाने लगे, तो तत्काल गिरफ्तारी पर रोक लगा दी गई।

सवाल यह है कि हमारे देश में यह अपराध क्यों बढ़ता जा रहा है? कानून और अदालतों के पास इसका इलाज क्यों नहीं है? यूरोप या पश्चिम के देशों में ऐसा क्यों नहीं होता? असल में, वहां विवाह या 'लिव-इन रिलेशनशिप' के पहले एक एग्रीमेंट बनाया जाता है, जिसको कानूनी मान्यता प्राप्त है। इसमें तमाम खर्चों और उपहारों की एक सूची बनाई जाती है, जिसको कानूनी दस्तावेज की तरह सुरक्षित रखा जाता है। इसमें किसी भी शर्त को तोड़ने को अदालत के समक्ष लाया जा सकता है। और इसके आधार पर अलग हुआ जा सकता है, उपहारों का बंटवारा हो जाता है। लोग स्वेच्छा से बिना किसी द्वेष-दुश्मनी के अलग हो जाते हैं।

हमारे यहां दहेज-तलाक का मामला हो या कोई और मुकदमा- वह वर्षों तक चलता रहता है, मानो कोई खेल आराम-आराम से खेला जा रहा हो। पति-पत्नी और उनके परिवार की जिंदगी शतरंज की बाजी बन जाती है। समाज का लालच, अदालतों की सुस्ती, न्यायपालिका की आरामपसंदी दरअसल मुकदमों को सुलझाना नहीं चाहतीं। इसलिए न कानून का भय स्थापित हो पा रहा और न इस कुरीति पर प्रभावी रोक लग पा रही है।(ये लेखिका के अपने विचार हैं)

# गया में भगवान विष्णु पितृदेव रूप में देते हैं मोक्ष, पिंडदान से 7 पीढ़ियों का होता है उद्धार

**भारत में पिंडदान, तर्पण और श्राद्ध कर्म के लिए कई जगहें हैं, लेकिन फाल्गु नदी के तट पर स्थित गया शहर का विशेष महत्व माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि सर्वपितृ अमावस्या के दिन गया में पिंडदान करने से 108 कुल और 7 पीढ़ियों का उद्धार हो जाता है। वहीं यहां पर श्राद्ध कर्म करने से पितरों की आत्मा को शांति मिलती है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। इसलिए गया को मोक्ष स्थली भी कहा जाता है। पुराणों में बताया गया है कि प्राचीन शहर गया में स्वयं भगवान विष्णु पितृदेव के रूप में निवास करते हैं।**

(अनन्या मिश्रा)

गया को मोक्ष स्थली भी कहा जाता है। पुराणों में बताया गया है कि प्राचीन शहर गया में स्वयं भगवान विष्णु पितृदेव के रूप में निवास करते हैं। ऐसे में आज हम आपको गया में पिंडदान के महत्व के बारे में बताने जा रहे हैं।

भारत में पिंडदान, तर्पण और श्राद्ध कर्म के लिए कई जगहें हैं, लेकिन फाल्गु नदी के तट पर स्थित गया शहर का विशेष महत्व माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि सर्वपितृ अमावस्या के दिन गया में पिंडदान करने से 108 कुल और 7 पीढ़ियों का उद्धार हो जाता है। वहीं यहां पर श्राद्ध कर्म करने से पितरों की आत्मा को शांति मिलती है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। इसलिए गया को मोक्ष स्थली भी कहा जाता है। पुराणों में बताया गया है कि प्राचीन शहर गया में स्वयं भगवान विष्णु पितृदेव के रूप में निवास करते हैं।

**गया में पिंडदान का महत्व:** देशभर में पिंडदान और श्राद्धकर्म के लिए 55 स्थानों को अहम माना गया है। लेकिन इन 55 स्थानों में बिहार के गया को सर्वोपरि माना गया है। बिहार के गया में तर्पण विधि, पिंडदान और श्राद्ध कर्म करने के बाद कुछ शेष नहीं रह जाता है। यहां पर श्राद्धकर्म और पिंडदान करने से व्यक्ति पितृऋण से मुक्त हो जाता है। बता दें कि गया में फाल्गु नदी के तट पर भगवान श्रीराम ने माता सीता के साथ राजा दशरथ की आत्मा की शांति और मोक्ष के लिए यहां पर पिंडदान और श्राद्धकर्म किया था। वहीं महाभारत काल में पांडवों ने भी इसी स्थान पर श्राद्धकर्म और पिंडदान किया था।

**पुराणों में भी मिलता है जिक्र:** गरुड़ पुराण, वायु पुराण और विष्णु पुराण में भी गया शहर का उल्लेख और महत्व मिलता है। इस तीर्थ स्थान पर पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। इसी कारण से गया को मोक्ष की भूमि यानी की मोक्ष स्थली भी कहा जाता है। हर साल गया शहर में पितृपक्ष के दौरान मेला लगता है, जिसको पितृपक्ष मेला भी कहा जाता है। यह शहर हिंदुओं के साथ बौद्ध धर्म के लिए भी पवित्र स्थल माना जाता है। बोधगया को भगवान बुद्ध की भूमि भी कहा जाता है। बौद्ध धर्म के अनुयायियों ने यहां पर अपनी शैली में यहां कई मंदिरों का निर्माण करवाया है।



**पौराणिक कथा:** बता दें कि गयासुर नामक असुर ने कठोर तप कर ब्रह्माजी से वरदान मांगा। उसने मांगा कि उसका शरीर पवित्र हो जाए और लोग उसके दर्शन करके पाप मुक्त हो जाएं। इस वरदान के बाद से लोगों में भय खत्म हो गया और पाप करने लगे। पाप करने के बाद लोग गयासुर के दर्शन करते और पाप मुक्त हो जाते थे। ऐसा होने से स्वर्ग और नरक का संतुलन बिगड़ने लगा। इस तरह से बड़े से बड़ा पापी भी स्वर्ग पहुंचने लगा।

**गया में विराजमान हैं भगवान विष्णु:** इन सबसे बचने के लिए देवतागण गयासुर के पास गए और यज्ञ करने के लिए पवित्र स्थान की मांग की। तब देवताओं को यज्ञ के लिए गयासुर ने अपना शरीर ही दे दिया और कहा कि मेरे ऊपर यज्ञ करें। जब गयासुर लेट गया तो उसका शरीर पांच कोस में फैल गया। यह पांच कोस आगे जाकर गया बन गया। गयासुर के पुण्य प्रभाव से यह स्थान तीर्थ के रूप में जाना गया। यहां पर पहले विविध नामों से 360 वेदियां थीं, लेकिन अब सिर्फ 48 वेदियां बची हैं। गया में भगवान श्रीहरि विष्णु गदाधर के रूप में विराजमान हैं। गयासुर के विशुद्ध शरीर में ब्रह्मा, विष्णु, शिव और प्रपितामह निवास करते हैं। इसलिए इस स्थान को पिंडदान और श्राद्धकर्म के लिए उत्तम माना जाता है।

# मप्र सरकार को देना पड़ेगा 25 लाख का मुआवजा

**सजा की अवधि पूरी होने के बाद भी 4 साल 7 महीने ज्यादा जेल में रहा दोषी**

**नाजकी ने पुलिस और लीगल एड टीम से बातचीत की। तो 6 जून 2025 को वह जेल से छूट गया। बाद में मुआवजा मांगा तो कोर्ट ने देखा कि साढ़े चार साल अतिरिक्त जेल में रखा।**



**भोपाल।** सुप्रीम कोर्ट ने एक रेप के मामले में दोषी को 4 साल 7 महीने अतिरिक्त जेल में रखने के मामले में मप्र सरकार को 25 लाख का मुआवजा देने का आदेश दिया है। सागर जिले के इस मामले में आरोपी को सात साल की सजा सुनाई गई थी। लेकिन, सजा की अवधि पूरी होने के बाद भी उसे 4 साल 7 महीने ज्यादा जेल में रहना पड़ा। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की खंडपीठ ने मध्य प्रदेश राज्य की लापरवाही के लिए कड़ी फटकार लगाते हुए यह आदेश पारित किया, जिसके कारण दोषी को ज्यादा समय तक जेल में रहना पड़ा। शुरूआत में जब मप्र राज्य को नोटिस जारी किया गया तो अदालत ने कहा था कि दोषी ने 8 साल अतिरिक्त कारावास की सजा काटी है। हालांकि, अदालत को सीनियर एडवोकेट नचिकेता जोशी (मध्य प्रदेश राज्य की ओर से) ने बताया कि दोषी कुछ समय से जमानत पर बाहर है। न्यायालय ने दोषी के वकील महफूज ए. नाजकी (दोषी की ओर से) द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार दोषी द्वारा 4.7 साल की अतिरिक्त कारावास की सजा को ध्यान में रखते हुए मुआवजा दिया।

### ट्रायल कोर्ट ने दी थी उम्रकैद की सजा

मध्य प्रदेश के सागर जिले के सोहन सिंह उर्फ बबलू को रेप के मामले में ट्रायल कोर्ट ने 2004 में उम्र कैद की सजा सुनाई थी। इस फैसले के खिलाफ सोहन सिंह ने मप्र हाईकोर्ट में अपील दायर की। अक्टूबर 2007 में हाईकोर्ट ने सजा को उम्रकैद से घटाकर 7 साल कर दी थी। 2021 में वो सजा के सात साल पूरे हो गए। लेकिन, सोहन की रिहाई नहीं हुई। लीगल एड के जरिए वरिष्ठ अधिवक्ता महफूज ए नाजकी के पास इस केस की फाइल पहुंची। नाजकी ने पुलिस और लीगल एड टीम से बातचीत की। तो 6 जून 2025 को वह जेल से छूट गया। बाद में मुआवजा मांगा तो कोर्ट ने देखा कि साढ़े चार साल अतिरिक्त जेल में रखा। इस मामले में मप्र सरकार पर सुप्रीम कोर्ट ने 25 लाख का जुमार्ना लगाते हुए पीड़ित को मुआवजा देने का आदेश दिया है। अदालत ने इसे गंभीर चूक बताते हुए कहा कि इस तरह की अवैध हिरासत किसी भी हाल में स्वीकार्य नहीं है।

### सुप्रीम कोर्ट ने माना प्रशासनिक विफलता

जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने इसे काफी चिंताजनक और गंभीर प्रशासनिक विफलता बताया। राज्य सरकार, गृह विभाग, कारागार महानिदेशक और संबंधित जेल अधीक्षक से पूछा गया कि सजा पूरी होने के बाद भी रिहाई क्यों नहीं हुई? कस्टडी सर्टिफिकेट/ सेंटेंस कैलकुलेशन शीट, पैरोल-रिमिशन और अदालत के आदेशों के पालन की पूरी फाइल आज पेश करने को कहा गया था। कोर्ट ने तमाम दलीलें सुनने के बाद यह फैसला सुनाया।

# मांस की दुकानें आज खुली तो लगेगा 10 हजार का जुमार्ना



**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में मंगलवार को चिकन और मटन की दुकानें बंद रहेंगी। दुकान खोलने पर 10 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया जाएगा। इतना ही नहीं मीट शॉप सील भी हो सकती है। भोपाल नगर निगम ने दुकान संचालकों को सख्त निर्देश दिए है। भोपाल नगर निगम ने एक आदेश जारी किया है। जिसके मुताबिक, 9 सितंबर को पर्युषण पर्व पर चिकन और मटन की दुकानें बंद रहेंगी। अगर कोई दुकान खुली पाई गई तो उस पर 10 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया जाएगा। इतना ही नहीं नगर निगम शॉप को सील करने की कार्रवाई भी कर सकती है। पर्युषण पर्व पर संचालकों को शत प्रतिशत चिकन-मटन की दुकान बंद रखने के निर्देश दिए गए है। इन दिनों भी रहेगा प्रतिबंध इसके साथ ही 2 अक्टूबर गांधी जयंती, 7 अक्टूबर महर्षि जयंती और भगवान महावीर के 2500वें निर्वाण दिवस पर भी मीट दुकानें बंद रखना होगा। इन तारीखों पर भी चिकन-मटन की बिक्री पर रोक रहेगी। इसके अलावा नवरात्रि पर्व को लेकर भी दुकान संचालकों को सख्त निर्देश दिए गए हैं।

# नशे के खिलाफ उठाए गए कदमों को सराहा

**सिंगर मीका सिंह ने भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से की मुलाकात**



**भोपाल।** बॉलीवुड के मशहूर गायक मीका सिंह सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से उनके निवास स्थान, समत्व भवन, भोपाल में सौजन्य मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान मीका सिंह ने प्रदेश सरकार द्वारा नशीली दवाओं और शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों की जमकर सराहना की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस मुलाकात की तस्वीरें अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा करते हुए लिखा कि भोपाल निवास पर प्रसिद्ध गायक मीका सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की। बताया जा रहा है कि इस मुलाकात में मीका सिंह ने विशेष रूप से युवाओं को नशे और नशीली दवाओं की लत से बचाने और उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए मध्य प्रदेश सरकार के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने और सामाजिक सुधार के लिए किए जा रहे कार्यों पर भी चर्चा की। मीका सिंह ने हाल ही में अपने एनजीओ, डिवाइन फाउंडेशन, के माध्यम से पंजाब में बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए भी सक्रिय योगदान दिया है। उन्होंने अब तक एक लाख से अधिक बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री प्रदान की है और उनका लक्ष्य 10 लाख से अधिक लोगों तक मदद पहुंचाना है। इस मुलाकात में भी उन्होंने सामाजिक कार्यों और जनकल्याण के मुद्दों पर मुख्यमंत्री के साथ विचार-विमर्श किया। रविवार को शो के दौरान मीका दर्शकों को पंजाबी अंदाज में सतश्री काल भोपाल! कहकर रूबरू हुए और धमाकेदार अंदाज में दमा दम मस्त कलंदर गाने से शुरूआत की। पहले ही गाने पर डांस फ्लोर थिरक उठा और जब मीका ने सावन में लग गई आग छेड़ा, तो पूरा क्लब झूम उठा। इसके बाद उन्होंने अपने अंदाज में भोपाल न सोया सारी रात गाकर माहौल को और गरमा दिया। पार्टी का जोश तब और बढ़ा जब मीका ने भोपाल का मौसम बदलेगी और लैला तेरी ले लेगी सुनाया। भीड़ हूटिंग और तालियों से गूंज उठी। फैशन-लवर्स और युवाओं ने देर रात तक डांस फ्लोर पर थिरकते हुए इस म्यूजिक नाइट को मिनी फेस्टिवल में बदल दिया। मीका ने ऑडियंस से कनेक्ट होते हुए कहा कि आप सब सूरमा भोपाली हो और आज की ये रात आप सबके नामज् लव यू भोपाल! लेट नाइट तक चली इस पार्टी में मीका ने अपना लेटेस्ट ट्रैक लवर बॉय भी सुनाया। क्लब की ग्लिटरिंग लाइट्स, डीजे एनकेडी का हाई-वोल्टेज म्यूजिक और मीका का चार्म मिलकर इस शो को यादगार बना गए।

# भोपाल में क्षत्रिय क्रांति महासम्मेलन, 10 सूत्रीय मांगें हुई घोषित

**क्षत्रिय करणी सेना ने उठाई समाज, किसान, युवाओं और धर्म-संस्कृति की रक्षा की मांग**



**भोपाल।** पत्रकार वार्ता में क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राज शेखावत, मध्यप्रदेश अध्यक्ष इंदल सिंह राणा और प्रदेश उपाध्यक्ष आशु सिंह ने सरकार के समक्ष 10 सूत्रीय प्रमुख मांगों को रखते हुए स्पष्ट किया कि समाज के सम्मान, युवाओं के भविष्य, किसानों की समस्याओं, धर्म-संस्कृति की रक्षा तथा देश की सीमाओं की रक्षा कर रहे वीर जवानों के हित में अब ठोस कदम उठाना अत्यंत आवश्यक हो गया है। इसी उद्देश्य को लेकर समस्त क्षत्रिय समाज द्वारा आगामी दिनों में भोपाल में ₹क्षत्रिय क्रांति महासम्मेलन₹ का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देशभर के क्षत्रिय संगठनों एवं समाज के प्रबुद्धजनों को सादर आमंत्रित किया गया है। डॉ. शेखावत ने कहा कि यह सम्मेलन केवल समाज की बात नहीं करेगा, बल्कि देश और धर्म की रक्षा की दिशा में ठोस रणनीति तय करेगा। इस महासम्मेलन में महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष संगीता सिंह, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं मध्यप्रदेश प्रभारी राहुल सिंह राजपूत तथा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र (डेवल) सिंह राणा की प्रमुख भूमिका रहेगी। संगठन ने यह स्पष्ट किया है कि अब केवल ज्ञापन नहीं, बल्कि आंदोलन की नीति पर समाज चलेगा और सरकार को इन मुद्दों पर जवाब देना होगा। प्रेस वार्ता में संगठन द्वारा जिन 10 सूत्रीय मांगों की घोषणा की गई, वे इस प्रकार हैं: (1) हरदा प्रकरण में दोषी पुलिसकर्मियों और अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। (2) आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (एहर) आरक्षण को 10% से बढ़ाकर 20% किया जाए तथा प्रमाण पत्र की प्रक्रिया को सरल और ऑनलाइन किया जाए। (3) अग्निवीर योजना को समाप्त कर पूर्ववत स्थायी सेना भर्ती प्रणाली बहाल की जाए, जिसमें सभी सुविधाएं पूर्व की तरह दी जाएं। (4) गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिया जाए, गौ रक्षा हेतु कठोर कानून बनाए जाएं और गौशालाओं में व्यापक सुधार हो। (5) राजनीतिक भागीदारी में क्षत्रिय समाज को उसकी जनसंख्या के अनुपात में उचित प्रतिनिधित्व दिया जाए। (6) किसानों के हित में सभी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) को कानूनी दर्जा दिया जाए और फसल नुकसान पर समय पर मुआवजा दिया जाए। (7) देश के इतिहास एवं संस्कृति की रक्षा की जाए, महापुरुषों के अपमान को रोका जाए तथा भोजशाला रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाए। (8) आरक्षण की समीक्षा की जाए और इसका आधार केवल आर्थिक स्थिति हो ताकि लाभ वास्तविक जरूरतमंदों को मिले। (9) एट्रोसिटी एक्ट में सुधार करते हुए उसके दुरुपयोग पर रोक लगाई जाए और गिरफ्तारी केवल दोष सिद्ध होने पर ही की जाए। (10) मठ-मंदिरों की जमीन मंदिरों के नाम दर्ज की जाए तथा अवैध कब्जों को तत्काल हटाया जाए। संगठन ने स्पष्ट किया कि ये मांगें केवल क्षत्रिय समाज की नहीं, बल्कि राष्ट्र, धर्म, किसान, जवान और युवाओं के भविष्य से जुड़ी हुई हैं और यदि सरकार ने समय रहते इन पर विचार नहीं किया, तो समाज सड़कों पर उतरने से भी पीछे नहीं हटेगा।

# 14 साल की स्कूली छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**परिवार में इकलौती बेटी थी किशोरी**

**हादसे की सूचना जितेंद्र को देने के साथ ही जैसै-तैसे उसे फंदे से उतारकर इलाज के लिये अस्पताल पहुंचाया गया, वहां डॉक्टर ने शुरूआती चेकअप के बाद ही उसे मृत घोषित कर दिया।**



**भोपाल।** शहर के कोहेफिजा थाना इलाके के लालघाटी में स्थित ओम नगर कॉलोनी में रहने वाली 14 साल की स्कूली छात्रा ने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिलने से फिलहाल खुदकुशी का सही कारण साफ नहीं हो सका है। लेकिन पुलिस की शुरूआती जॉच में सामने आया है, कि छात्रा के माता-पिता का तलाक हो चुका है, वह अपने पिता, दादा- दादी के साथ रहती थी। माता-पिता के तलाक के बाद वह काफी तनाव में रहती थी, और काफी गुस्सा भी करती थी। फिलहाल कोहेफिजा पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ओमनगर कॉलोनी में रहने वाले जितेंद्र खूशलानी व्यापारी है। उनका अपनी पत्नी से तलाक हो चुका है, और उनकी इकलौती बेटी रेचल खूशलानी (14) उनके पास ही रहते हुए घर के पास ही एक निजी स्कूल से पढ़ाई कर रही थी। पिता के कारोबार के चलते छात्रा अधिकतर समय अपने दादा-दादी के साथ रहती थी। उसका घर में कमरा भी अलग था। बीते दिन जितेंद्र काम के चलते रोजाना की तरह सुबह के समय घर से निकल गए थे। घर में दादा- दादी और उनकी बेटी थी। शाम के समय दादा ने कमरे में जाकर देखा तो उन्हें रेचल का शरीर फंदे पर लटका नजर आया। हादसे की सूचना जितेंद्र को देने के साथ ही जैसै-तैसे उसे फंदे से उतारकर इलाज के लिये अस्पताल पहुंचाया गया, वहां डॉक्टर ने शुरूआती चेकअप के बाद ही उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिजनो को सौंप दिया है। जॉच टीम ने बताया की फिलहाल सदमें में होने के कारण परिजनो के बयान दर्ज नहीं किये जा सके है। शुरूआती जॉच में सामने आया है कि मां- पिता के तलाक होन के बाद से रेचल काफी गुस्सैल स्वभाव की हो गई थी। अधिकतर वह अपने कमरे में अकेली रहती थी। आंशका है की इसी तनाव के कारण उसने यह कदम उठाया होगा। फिलहाल पुलिस का कहना है की जॉच पूरी होने के बाद ही सही कारणो का खुलासा हो सकेगा।

# हिंदी में कराएंगे डॉक्टरी की पढ़ाई

**बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में बोले सीएम...**



**भोपाल।** भोपाल के बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह में सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारा साफा हमारी संस्कृति का प्रतीक है। मध्य प्रदेश में डॉक्टर की पढ़ाई राष्ट्र भाषा में कराएंगे। शिक्षा ही मानवता को विकसित करती है। कुलपति की जगह कुलगुरु बढ़ा रहे हैं विश्वविद्यालय की शोभा। रोजगार परक कोर्स प्रदेश के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में शुरू हो रहे हैं। झाबुआ में भी मेडिकल कॉलेज तैयार हो रहा है। कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल मंगु भाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार कार्यक्रम में शामिल हैं। इस दौरान कुल 76 छात्रों को पीएचडी की डिग्री दी गई। अनेक विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 26 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल भी प्रदान किया गया। इनमें से 21 मैडल मेरिट के आधार पर दिए गए। एमपी में पढ़ाई जाएगी दूसरे राज्यों की भाषा उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि मध्य प्रदेश में हायर एजुकेशन की उत्तर पुस्तिकाओं का डिजिटिलाइजेशन किया जाएगा। कॉपी जांचने के दौरान गड़बड़ी रोकने की कोशिश गई है। महाराष्ट्र और दक्षिण में भाषा विवाद के बीच मध्य प्रदेश सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। प्रदेश के विश्वविद्यालयों में अन्य राज्यों की भाषा भी पढाई जाएगी। उन्होंने कहा कि उत्तर पुस्तिकाओं का डिजिटिलाइजेशन किया जाएगा। कॉपियों की स्क्रीनिंग कर जांचने वाले के पास जाएगी। मूल कापियों को विश्वविद्यालय में ही रखा जाएगा। कॉपियों जांचने के दौरान कोई गड़बड़ी नही होगी। शंका होने पर डिजिटल कॉपी स्टूडेंट्स को दी जाएगी। ताकि किसी तरह की गड़बड़ी की आशंका न रहे। पूरी पारदर्शिता के साथ कॉपियो का मूल्यांकन होगा। एक विश्वविद्यालय एक या दो भारतीय भाषा को अपने यहां चलाएंगे। इसके लिये क्रेडिट भी दिया जाएगा। शिक्षाविद तैयार कर रहे हैं पैटर्न उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि नए शिक्षण व्यवस्था में टीम क्रेडिट का सिस्टम है। राज्य के बाहर की भाषा जो स्टूडेंट्स सीखना चाहेगा उसे अतिरिक्त क्रेडिट दिया जाएगा।

# 16 हजार निजी स्कूलों ने अपनी सालाना फीस 25 हजार से कम बताई



**भोपाल।** शासन ने कुछ समय पूर्व 25 हजार से कम सालाना फीस लेने वाले स्कूलों को शिक्षा विभाग के पोर्टल पर जानकारी देने की प्रक्रिया से मुक्त किया था, जिसके चलते 16 हजार स्कूल ऐसे हैं, जिन्होंने दावा किया कि उनकी फीस 25 हजार से कम है। निजी स्कूलों द्वारा ज्यादा फीस लेने के साथ ही किताबें, यूनिफॉर्म, कॉपी-किताबों के नाम पर भी लूटपट्टी की जाती है और विशेष दुकान से खरीदी कराने के भी प्रयास होते हैं, जिसके चलते स्कूल शिक्षा विभाग ने अनियमित फीस वृद्धि रोकने के प्रावधान करते हुए पोर्टल पर उसकी जानकारी अपलोड करने को कहा है। राज्य में इस वर्ष करीब 10 हजार 200 निजी विद्यालयों द्वारा पोर्टल पर फीस का विवरण अपलोड किया जा चुका है। प्रदेश में जिन विद्यालयों की किसी भी कक्षा की वार्षिक फीस संरचना 25 हजार रुपए या उससे कम है, उन्हें फीस संरचना की जानकारी पोर्टल पर अपलोड करने से मुक्त रखा गया है। इन विद्यालयों को इस संबंध में पोर्टल पर शपथ पत्र अपलोड करने की निर्धारित तिथि भी दी गई थी। ऐसे विद्यालय जो समय-सीमा की जानकारी अपलोड नहीं करेंगे, उनके विरूद्ध जिला समिति द्वारा कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रदेश में निजी विद्यालयों के विरूद्ध प्राप्त होने वाली शिकायतों के निराकरण के लिये कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला समिति भी कार्य कर रही है।

# किरायेदार के कब्जे पर लगाम की तैयारी में सरकार

**नये एक्ट में रखा जाएगा मकान मालिक व किरायेदारों के हितों का ध्यान**



**भोपाल।** किरायेदार और मकान मालिक दोनों को सुरक्षित करने के लिए सरकार मॉडल किराएदारी बिल लागू करने जा रही है। बिल को अंतिम रूप देने के लिए नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने फिर कवायद शुरू की है। विभाग ने संचालनालय से प्रदेश में बनाए बिल के ड्राफ्ट, लागू कानून और केंद्र के मॉडल किराएदारी एक्ट की तुलनात्मक रिपोर्ट मांगी है। दरअसल अभी प्रदेश में किराएदारी अधिनियम 2010 लागू है। यह सिर्फ शहरी क्षेत्रों तक सीमित है। नया एक्ट ग्रामीण-शहरी, व्यावसायिक सभी प्रॉपर्टी पर लागू होगा। शासकीय, धार्मिक संस्थान, ट्रस्ट या वक्फ बोर्ड के अधीन परिसरों पर लागू नहीं होगा। नगरीय विकास विभाग मॉडल किराएदारी बिल को अंतिम रूप देने के लिए बैठकें कर रहा है। अफसरों का कहना है, बिल जल्द वरिष्ठ सचिव समिति के पास भेजा जाएगा। वहां से अनुमति के बाद कैबिनेट में पेश होगा। नए कानून में मकान मालिक अधिकतम दो माह का एडवांस किराया ही ले सकेंगे। यह होगा फायदा नए कानून के ड्राफ्ट में किराएदार और मकान मालिक दोनों के हितों की रक्षा की व्यवस्था है। मकान पर कब्जा होने से रोकने के प्रावधान हैं। एग्रीमेंट खत्म होने पर किराएदार के मकान खाली न करने पर उसे पहले दो माह में दोगुना और तीसरे महीने से चार गुना किराया देना होगा। मकान भी प्रशासन खाली कराएगा। किराएदार की सुरक्षा के लिए मालिक द्वारा घर का नल कनेक्शन, गैस सप्लाई, मार्ग, लिफ्ट, सीढियां, पार्किंग आदि बंद करने पाबंदी लगाई गई है। मध्यप्रदेश में वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार 27.7 फीसदी आबादी शहरों में रहती है। यह 40 फीसदी पहुंचने का अनुमान है। लोग बड़ी संख्या में पढ़ाई, नौकरी, व्यापार, बेहतर सुविधा के लिए शहरों में आ रहे हैं। कई लोग किराएदारों के विवाद से बचने के लिए खाली आवास होने के बावजूद किराए पर नहीं देते। लोग अपने कार्यस्थल के पास ही अफॉर्डेबल राशि का भुगतान कर किराए पर आवास लेना चाहते हैं। कई बार मकान मालिक मनमाना किराया मांगते हैं। अभी कानून में इसके प्रावधान नहीं हैं। मालिक को मिलेगा कवच एग्रीमेंट खत्म होने पर किराएदार के मकान खाली न करने पर उसे पहले दो माह में दोगुना और तीसरे माह से 4 गुना किराया देना होगा। प्रशासन मकान खाली कराएगा। आवास के लिए किराया लेने पर अधिकतम दो व कारोबार के लिए 6 माह का एडवांस किराया देना होगा। किराएदार एक ही परिसर में दूसरे किराएदार को नहीं रख सकेगा। यदि किराएदार की मौत हो जाए तो उत्तराधिकारी को देनदारी चुकाएंगे।

# भगवान् श्री अग्रसेन जी एवं कुलदेवी माता लक्ष्मी की 18वीं महाआरती सम्पन्न





नगर प्रतिनिधि | भोपाल

आज अग्र कुल प्रवर्तक एवं अग्रवाल समाज के आराध्य देव भगवान श्री अग्रसेन जी महाराज एवं कुलदेवी माता लक्ष्मी की 18वीं आरती आज अग्रसेन वाटिका, आईटीसी पार्क, कमला पार्क के सामने, भोपाल में संपन्न हुई। महाआरती की जजमानी स्वास्ति-दिनेश अग्रवाल (शुभम डेवलपर्स एवं श्री प्रभाकर डेवलपर्स) भोपाल द्वारा की गई। मीडिया प्रभारी विनीत अग्रवाल एवं समाज से नितिन कुमार गुप्ता ने बताया कि इस बार रविवार को चंद्र ग्रहण होने के कारण आरती आज की गई है। अगले माह से रविवार को यथावत की जाएगी। मुकेश गोयल ने बताया कि भगवान श्री अग्रसेन महाराज जी के करूणामीय स्वभाव, एक ईंट-एक रूपया से समाजवाद के प्रथम प्रणेता, युग पुरूष, महादानी एवं राम राज्य के समर्थक के सिद्धांतों को अपनाकर एवं समाज के कल्याण की भावना के साथ ही बच्चों को भगवान श्री अग्रसेन महाराज जी के जीवन से प्रेरणा मिले, इसी उद्देश्य से महाआरती का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। महाआरती में कैलाश अग्रवाल, रोहित गुप्ता, डॉ अंकुर अग्रवाल, अमित मित्तल, निशा गुप्ता, रश्मि अग्रवाल, रानी मित्तल सहित अनेक अग्रवाल समाज के महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे शामिल हुए।

# नागरिकों की सेवा ही हमारा धर्म, 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक मनाया जाएगा सेवा पर्व

नगर प्रतिनिधि | भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में आगामी 17 सितम्बर से सेवा पर्व मनाया जाएगा। सेवा पर्व का समापन 2 अक्टूबर गांधी जयंती को होगा। इस दौरान प्रदेश में नागरिक सेवाओं और सुविधाओं की बेहतरी और इन्हें सहज रूप से नागरिकों तक पहुंचाने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। सरकार जनहितकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को सेवा पर्व के रूप में मनाकर नागरिकों तक सेवाओं के सुगम प्रदाय की व्यवस्था करेगी। इस दौरान जिलों में भी सेवा गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। पर्व के दौरान सरकार सुशासन का लाभ जन-जन तक पहुंचाने के लिए शासकीय सेवाओं की रिस्पॉन्सिबल डिलेवरी सुनिश्चित करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस अभियान में जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधि, सामाजिक, राजनैतिक एवं धार्मिक संगठन सभी अपनी भागीदारी करेंगे। मुख्यमंत्री ने कलेक्टर्स से कहा कि वे आपसी तालमेल से सेवा पर्व का आयोजन करें और समाज के सभी वर्गों की बेहतरी के लिए जनसामान्य को भी इस अभियान से जोड़ें। उन्होंने कहा कि इस अभियान की थीम स्वच्छोत्सव है।

अभियान का केन्द्रीय विषय स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा है, इसलिए पूरे अभियान के दौरान रक्तदान शिविर लगाने सहित स्वच्छता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मंत्रालय में 17 सितम्बर से प्रदेश में शुरू होने वाले सेवा पखवाड़ा अभियान (सेवा पर्व) के संदर्भ में की जा रही तैयारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस अभियान में जनता से जुड़े 7 प्रमुख विभागों की महती जिम्मेदारी है। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े को जन-जन का अभियान बनाने के लिए सभी तैयारियां करें। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण अभियान के दौरान वे स्वयं जिलों के भ्रमण में रहेंगे और हेलीकॉप्टर से किसी भी जिले में औचक रूप से उतरकर वहां हो रहे सेवा पर्व कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नागरिकों की सेवा ही हमारा मूल धर्म है। प्रदेश में सुशासन हमारा संकल्प है। इस दिशा में हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। 17 सितम्बर से हम अपने इस संकल्प को पर्व के रूप में मनाएंगे। सेवा पर्व को जन-जन का अभियान मनाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी नागरिकों को उनकी जरूरत के अनुसार सेवाओं और सुविधाओं का त्वरित प्रदाय ही सेवा पर्व का परम लक्ष्य है। दो अक्टूबर (गांधी जयंती) को इस पर्व का समापन समारोहपूर्वक किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सेवा पर्व के दौरान 17 से 24 सितम्बर तक रक्तदान शिविर लगाए जाएंगे। इसी दौरान स्वास्थ्य शिविर भी लगेंगे। एक पेड़ मां के नाम एवं मां की बगिया के तहत पौधरोपण भी किया जाएगा। पर्व के दौरान नए नमो पार्क, नमो बाग, नमो वन, नमो उपवन बनाए जाएंगे। 27 सितम्बर को नमो मैराथन आयोजित की जाएगी।

# बीएसएसएस ह्यूमैनिटेरियन डे पर हुआ सम्मानित

## हमीदिया अस्पताल में 133 यूनिट रक्तदान किया, वाइस प्रिंसिपल डॉक्टर सिस्टर लीमा जेकब ने सबसे पहले रक्तदान किया

नगर प्रतिनिधि | भोपाल

भोपाल स्कूल ऑफ़ सोशल साइंसेज में ह्यूमैनिटेरियन डे बहुत धूमधाम से मनाया गया, इस अवसर पर भोपाल शहर की प्रतिष्ठित संस्थानों ने बीएसएसएस कॉलेज का और प्राचार्य डॉक्टर फादर जॉन पीजे का अनेक शानदार कार्यों को देखते हुए सम्मान किया। सोशल वर्क डिपार्टमेंट ने डॉ ऋतिक गंधे के नेतृत्व में ब्लड डोनेशन कैंप का भी आयोजन किया। जिसमें कॉलेज के छात्रों ने 133 यूनिट रक्त दान किया। बीएसएसएस में देवआहारम के एम्स अस्पताल के रोगियों के परिजनों को प्रतिदिन आहार वितरण की नियमितता और गुणवत्ता को देखते हुए गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर गुरु घर सेवा समिति, साकेत नगर के





अध्यक्ष सरदार हरदीप सिंह गुलाटी ने कॉलेज के प्राचार्य को निस्वार्थ सेवा सम्मान देकर और यूथ फॉर सेवा के भोपाल चैप्टर समन्वयक, अतर प्रसाद साहू ने मानवता रत्न सम्मान देकर सम्मानित किया। गोकाष्ठ संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन समिति की ओर से कोषाध्यक्ष एवं समन्वयक श्री ममतेश शर्मा शर्मा ने डॉ जॉन को समाज रत्न से सम्मानित करते हुए कोविड के समय के उनके सराहनीय योगदान की प्रशंसा की, तो हमीदिया अस्पताल के डॉक्टर पुनीत टंडन ने कॉलेज को हमीदिया अस्पताल में नियमित रूप से रक्तदान के सहयोग देने के लिए सम्मानित किया। पश्चिम मध्य रेलवे के सौरभ कटारिया, डिविजनल रेलवे मैनेजर, कमर्शियल ने कॉलेज के हरे भरे सुंदर और स्वच्छ केंपस को देखते हुए क्लीन एंड ग्रीन कैंपस अवार्ड देकर सम्मान किया।

सौरभ कटारिया ने उपस्थित समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि एक्ट फॉर ह्यूमैनिटी के माध्यम से समाज में अलग-अलग कार्यों को करते हुए हमें इमोशनल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल करना चाहिए तभी हम वास्तविक स्थिति को समझ सकते हैं और अपनी सेवाएं देकर इस समाज को स्वस्थ और सुंदर बना सकते हैं। स्पार्टनस क्लब द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में अध्यक्ष अरहम खान ने बताया कि मयार थिएटर ग्रुप ने केरल के पादरे गांव की उस घटना का सजीव मंचन किया जिसमें एंडोसल्फान कीटनाशक के गंभीर परिणाम बताते हुए जन जागरूकता का संदेश दिया गया। स्पार्टन की छात्राओं ने डांस फॉर हार्मनी करके इंसानियत को नेक और समाज की अहमियत दर्शाते हुए शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की इंचार्ज डॉक्टर मंजू मेहता ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा हर युवा मानवता की राह पर सशक्त कदम बढ़ाते हुए समाज से जुड़े तभी हम अपने भविष्य को सुरक्षित और स्वस्थ बना सकेंगे।

# मध्य प्रदेश के मालवा-निमाड़ अंचल में भारी बारिश के आसार

## मौसम विभाग ने जारी की चेतावनी



**भोपाल।** बारिश के सीजन के ढाई माह बीतने के बाद भी मालवा-निमाड़ क्षेत्र का कंठ प्यासा रह गया था। किसान आसमान ताक-ताक रहे थे। इसी दौरान अगस्त के अंतिम सप्ताह से अब तक इंद्र देवता मेहरबान रहे। मालवा-निमाड़ क्षेत्र में भी पर्याप्त बारिश हुई। उधर, भोपाल का बड़ा तालाब भी लबालब हो गया है। इसके चलते शनिवार को भदभदा के गेट खोल दिए गए।

मौसम विज्ञानियों के मुताबिक रविवार को भी मालवा-निमाड़ क्षेत्र में तेज बारिश होने की संभावना है। शनिवार को सुबह साढ़े आठ से शाम साढ़े पांच बजे तक बैतूल में नौ, गुना में छह, भोपाल में पांच, नर्मदापुरम में चार, पचमढ़ी एवं रतलाम में तीन, मलाजखंड में दो मिलीमीटर बारिश दर्ज हुई।

मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक वर्तमान में गहरा कम दबाव का क्षेत्र दक्षिणी राजस्थान के मध्य में बना हुआ है। रविवार को इसके दक्षिणी राजस्थान और उससे लगे गुजरात पहुंचकर अवदाब के क्षेत्र में बदलने की संभावना है। मानसून द्रोणिका जैसलमेर से गहरे कम दबाव के क्षेत्र से गुना, दमोह, पेंड्रा रोड, संबलपुर, गोपालपुर से होकर बंगाल की खाड़ी तक जा रही है।

एक अन्य द्रोणिका राजस्थान पर बने गहरे कम दबाव के क्षेत्र से होकर झारखंड तक बनी हुई है, जो मध्य प्रदेश से होकर गुजर रही है। मौसम विशेषज्ञ अजय शुक्ला ने बताया कि गहरे कम दबाव के क्षेत्र के अवदाब में परिवर्तित होने से राजस्थान और गुजरात से लगे मध्य प्रदेश के जिलों में बारिश का सिलसिला रविवार-सोमवार को भी बना रह सकता है। इस दौरान एक-दो स्थानों पर भारी बारिश भी हो सकती है। प्रदेश के शेष क्षेत्रों में भी हल्की बौछारें पड़ सकती हैं।

**रतलाम में 24 घंटे में सर्वाधिक 128 मिमी बारिश:** 24 घंटों के दौरान शुक्रवार सुबह साढ़े आठ बजे से शनिवार सुबह साढ़े आठ बजे तक रतलाम में 128 मिमी (5.3 इंच), उज्जैन में 63.4, इंदौर में 47.4, सीधी में 38.6, खंडवा एवं शिवपुरी में 26, ग्वालियर में 20.3, खरगोन में 16, रायसेन में 8.6, नर्मदापुरम में 8.4, भोपाल एवं श्योपुर में 5.2, गुना में पांच मिमी. बारिश हुई।

## हलाली डैम के पानी से भोपाल के खेत डूबे

### 6 गांव की 1000 एकड़ जमीन प्रभावित; पानी में उतरे किसान



**भोपाल, नप्र।** विदिशा जिले के सम्राट अशोक सागर परियोजना हलाली डैम के पानी से भोपाल जिले की फसलें 2 से 3 फीट तक डूब गई। 16 से अधिक गांवों में असर है। इसके चलते किसान अब पानी में उतरकर आंदोलन करने लगे हैं। उनकी मांग है कि सरकार मुआवजा दें। इनके साथ जिला पंचायत उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाट भी पानी में उतरे और किसानों को मुआवजे का भरोसा दिलाया।

डैम का निर्माण कार्य 1976-77 में हुआ था। जिसमें पानी की निकासी 1508 फीट पर बने बेस्ट बियर से होती थी, लेकिन पिछले 2 साल से पानी निकासी के गेट लगाकर जल निकास को 1508 फीट से ऊपर नहीं जान देने के लिए गेट का निर्माण किया, लेकिन अभी डैम का जलस्तर 1510 फीट तक पहुंच गया है। जिसमें 2 फीट जलस्तर अधिक होने से भोपाल जिले के 16 गांव प्रभावित हो रहे हैं। यहां के सैकड़ों किसानों की हजारों एकड़ जमीन में खड़ी फसल नष्ट हो गई है। इनमें मुख्य रूप से धान और सोयाबीन है।

**पांच से छह दिन हुए:** जिपं उपाध्यक्ष जाट ने बताया कि डैम का पानी खेतों में भरे पांच से छह दिन हो गए हैं। गेट खुलने से पानी जरूर निकल रहा है, लेकिन खेतों में काफी पानी भरा है। किसानों के लिए यह एक जटिल समस्या हो गई है। इसलिए सरकारी स्तर पर किसानों के हित में एक अच्छा निर्णय होना चाहिए।

**इन गेटों को लगाने से क्या फायदा?:** डैम के पानी को स्थिर नहीं रखा गया है। ऐसे में किसानों का कहना है कि इन गेटों को लगाने का कोई फायदा नहीं है। जलस्तर किसी भी कीमत में 1508 फीट से ऊपर नहीं बढ़ना चाहिए। किसानों की जलस्तर से जो फसलें डूबी हुई हैं, उनका तत्काल सर्वे कराकर शासन इसका मुआवजा दें। जिपं उपाध्यक्ष जाट ने बताया कि पानी की वजह से करोंद खुर्द, मोहनपुर, कड़ैय्या, चिलखेड़ो, पिपरिया झुन्नारदार, बुदोर, छत्री, भैंसखेड़ा, रोंझिया की फसलें प्रभावित हुई है।

## बाघ ने किया इंसान पर हमला, यूनिवर्सिटी कैंपस में टहलते छात्र पर अटैक

**भोपाल (नप्र)।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में पहली बार बाघ का किसी इंसान पर हमला करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि, जागरण लेकसिटी यूनिवर्सिटी कैंपस के पास एक छात्र पर टाइगर ने झपट्टा मार दिया। हमले में छात्र का पैर घायल हो गया। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह टाइग्रेस टी-123 का लगभग एक साल का शावक है, जो झपट्टा मारने के बाद तुरंत जंगल की ओर चला गया।

ये सनसनीखेज हादसा गुरुवार 06 सितंबर देर रात का बताया जा रहा है। यहां छात्र मोहम्मद बोरा अपने दो दोस्तों के साथ यूनिवर्सिटी कैंपस के पास टहल रहा था। अचानक झाड़ियों से एक बाघ निकलकर आया और उसने मोहम्मद बोरा पर हमला कर दिया। झपट्टा मारने से छात्र के पैर में नाखून लग गए, जिससे एक इंच गहरा घाव बन गया। शोर और दोस्तों के हस्तक्षेप से टाइगर भागकर झाड़ियों में छिप गया। इधर, सभी दोस्त घायल छात्र को तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां जरूरी उपचार के बाद उसे अगले दिन छुट्टी दे दी गई।

**डीएफओ ने दी घटना की जानकारी:** डीएफओ लोकप्रिय भारती के अनुसार, फुटप्रिंट्स और मूवमेंट से पुष्टि हो गई है, कि हमला टाइग्रेस टी-123 के एक वर्षीय शावक ने किया है। घटना के बाद यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट को नोटिस जारी कर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने और फेंसिंग और व्यवस्थित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, इलाके में ट्रैप कैमरेलगाए जा रहे हैं। वन विभाग की टीम लगातार मौके पर मौजूद है और सर्चिंग जारी है।

## आदतन चोरी झपटमारी के शातिर आरोपियों को जीआरपी भोपाल ने किया गिरफ्तार

**भोपाल (नप्र)।** आदतन चोरी झपटमारी के शातिर आरोपियों को जीआरपी भोपाल ने किया गिरफ्तार। लगभग साढ़े सात लाख रूपये का मशरूका किया बरामद। आउटर पर ट्रेनों की धीमी रफ़्तार का फायदा उठाकर देते है चोरी को अंजाम। लगातार बढ़ रही आउटर पर चोरी की रोकथाम के लिये जीआरपी, आरपीएफ ने समन्वय स्थापित कर प्रारम्भ की पतासाजी। दो किलो चांदी की सिल्ली ,एक सोने का मंगलसूत्र ,दो सोने की अंगूठी, 24 महंगे मोबाइल बरामद। नशे के आदी होकर अय्याशी के लिये करते है ट्रेनों में चोरी।

मिली जानकारी के अनुसार रेल इकाई भोपाल मे पंजीबद्व चोरी के मामलों मे राहुल कुमार लोढा पुलिस अधीक्षक रेल भोपाल के कुशल मार्गदर्शन मे एवं श्रीमती नीतू डाबर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेल भोपाल एवं रामस्नेही चौहान उप पुलिस अधीक्षक रेल भोपाल द्वारा दिये निर्देशों के पालन मे थाना प्रभारी निरी. जहीर खान के कुशल नेतृत्व मे लगातार बढ़ रही आउटर पर चोरी की रोकथाम के लिये जीआरपी ,आरपीएफ ने समन्वय स्थापित कर टीम गठित कर पतासाजी के दोरान मुखबिर सुचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति निशातपुरा आउटर के आसपास चोरी का सामान बेचने का प्रयास कर रहे है। सुचना पर तलाश करते दो संदेहियों को घेराबंदी कर पकड़ा। जिनसे पूछताछ पर अपना नाम निखिल रैकवार पिता मुन्ना उर्फ पप्पू रैकवार एवं करण पिता ओमप्रकाश साहू उम्र 25 साल निवासी महाकाल किराना के सामने छोला भोपाल बताया। जिनका पूर्व से आपराधिक रिकार्ड होने से हिकमत अमली एवं सख्ती से पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार करते हुए आउटर पर ट्रेनों की धीमी रफ़्तार का फायदा उठाकर ट्रेनों में चढ़कर चोरी करना बताया। जिनसे पूछताछ पर जुर्म स्वीकार करते विभिन्न ट्रेनों से आउटर पर ट्रेनों की धीमी रफ़्तार का फायदा उठाकर चोरी करना बताया। आरोपियो के पास से चोरी की गई दो किलो चांदी की सिल्ली कीमती लगभग दो लाख रूपये ,एक सोने का मंगलसूत्र कीमती लगभग 40 हजार ,दो सोने की अंगूठी कीमती लगभग 40 हजार रूपये , 24 मोबाइल कुल कीमती लगभग 4 लाख 55 हजार कुल कीमती 7 लाख 35 हजार रूपये का माल बरामद किया जाकर गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय पेश कर पुलिस रिमांड प्राप्त कर मामलों से मिलान एवं अन्य अपराधो में पूछताछ जारी है । आउटर पर ट्रेनों की धीमी रफ़्तार का फायदा उठाकर चोरी करते थे आरोपी। गिरफ्तारआरोपियो में निखिल पिता मुन्ना उर्फ पप्पू रैकवार निवासी संतोषी माता मंदिर के पास डी केबिन गौतमनगर भोपाल व करन पिता ओमप्रकाश साहू उम्र 25 साल निवासी महाकाल किरण के सामने छोला भोपाल। साथ मे ख़रीददार आरोपी अंकित कुरील पिता लक्ष्मण लाल कुरील उम 30 साल म.न.44 नवजीवन कालोनी छोला मंदिर भोपाल शामिल है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरी. जहीर खान उनि बी.पी.उइके, प्र.आर राजेश शर्मा , अनिल सिंह , मक़सूद खान ,आर. सचिन जाट आर. बृजेश कारपेंटर आर आकाश थाना जीआरपी भोपाल एवं उनि आर पी एफ प्रकाश रघुवंशी आर.कृष्ण कुमार,शमशेर ,आरिफ खान भोपाल की सराहनीय भूमिका रही।

# एयरपोर्ट पर डिजी यात्रा का उपयोग कैसे करें चरण-दर-चरण मार्गदर्शिका



**भोपाल (नप्र)।** चेहरा स्केन कर प्रवेश देने की तकनीक पूरी तरह से स्थापित हो जाने के बाद अब इसे आम यात्री किस तरह से इस्तेमाल करें इसके लिए एयरपोर्ट पर उसकी जानकारी का काम शुरू कर दिया गया है। डिजी यात्रा यात्रियों हेतु हवाई अड्डे के अनुभव को तेज़, कागज़ रहित और संपर्क रहित बनाने के लिए डिज़ाइन की गई है। इसका उपयोग करने के लिए डिजी यात्रा ऐप डाउनलोड करना होगा। गूगल प्ले स्टोर और एपल एप पर उपलब्ध है। एयरपोर्ट की जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि अपने मोबाइल नंबर और आधार से जुड़ी जानकारी का उपयोग करके इंस्टॉल करें और रजिस्टर करें। दूसरे स्वयं को पंजीकृत करें अपने आधार या अन्य स्वीकृत पहचान पत्र का सत्यापन करके अपने ग्राहक को जानें प्रक्रिया पूरी करें। चेहरे की पहचान के लिए ऐप में एक सेल्फी लें। अपनी यात्रा विवरण अपलोड करें ऐप में अपनी उड़ान का विवरण जोड़ें। चेहरे के बायोमेट्रिक्स के उपयोग के लिए सहमति मांगी जाएगी। हवाई अड्डे में प्रवेश, हवाई अड्डे पर, डिजी यात्रा गेट ई-गेट पर जाएँ। चेहरे की पहचान और उड़ान विवरण को स्वचालित रूप से सत्यापित कर देगी अपना भौतिक बोर्डिंग पास या पहचान पत्र दिखाने की आवश्यकता नहीं है। सुरक्षा जाँच और बोर्डिंग, सुरक्षा जाँच पूरी होने के बाद, बोर्डिंग गेट की ओर बढ़ें। डिजि यात्रा-सक्षम गेट पर चेहरे की पहचान से फिर से जाँच की जाएगी। एयरपोर्ट डायरेक्टर रामजी अवस्थी ने इस प्रयोग को इस्तेमाल कर एयरपोर्ट पर प्रवेश को सहज बनाने का आग्रह किया है।

# युवा हिन्दू मंच ने संत हिरदाराम नगर की झांकियों को किया पुरस्कृत



**भोपाल (नप्र)।** संत हिरदाराम नगर में बन रहे एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण कार्य के चलते इस बार युवा हिन्दू मंच द्वारा विगत दिनों बैठक कर यह तय किया गया था कि इस बार मंच न लगाते हुए शहर की सभी झांकियों को उनके झांकी पंडालों में जाकर समिति के सभी सदस्यों का स्वागत कर पुरस्कृत किया जाएगा। उसी अनुरूप सभी झांकियों में पुरस्कृत कर झांकी समिति के सभी सदस्यों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर युवा हिन्दू मंच के संयोजक,भाजपा भोपाल जिला उपाध्यक्ष राम बंसल,भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष बागवानी,सूरज यादव,शेट्टी चंदनानी, लविन मनसुखानी,कमल विधानी,भगवत विश्वकर्मा,कैलाश दादलानी, उमेश नागर, शिव मिश्रा, सईद खान, विशाल साधवानी, प्रकाश मीणा, साहिल खान, गुड्डू मेहरा, रामू केवट, सोनू रायचंदानी, दीपक मेहर, हिमांशु चौकीकर, शुभम नागर, कालू शेर बग्गन, सनी गिदवानी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## एम्स में पैर की हड्डी से बनाया नया जबड़ा, लगाए 13 दांत

**भोपाल (नप्र)।** एम्स भोपाल के डेंटल विभाग ने एक बेहद दुर्लभ और जटिल सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। इस सर्जरी में ट्यूमर के कारण काटे गए निचले जबड़े को पैर की हड्डी से दोबारा बनाया गया और उसमें 13 दांत लगाए गए। सर्जरी से मरीज के जीवन में नई खुशियां आई है, साथ ही चिकित्सा के क्षेत्र में एक बड़ी कामयाबी मानी जा रही है। 24 वर्षीय एक युवती मुंह में सूजन और बार-बार पस बनने की समस्या लेकर एम्स भोपाल आई थी। जांच में पता चला कि उसे बिनाइन ओडोन्टोजेनिक ट्यूमर नामक बीमारी है। गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉ. अंशुल राय और उनकी टीम में शामिल डॉ. बाबूलाल, डॉ. ज़ेनिश, डॉ. सुदीप, डॉ. फरहान, डॉ. प्रधा और डॉ. दीपा ने बहु-चरणीय सर्जरी करने का निर्णय लिया। **विकृत हो गया था युवती का चेहरा :** चिकित्सकों के अनुसार पहले चरण में युवती के निचले जबड़े को काटकर ट्यूमर को पूरी तरह हटाया गया। ट्यूमर का आकार 12 सेंटीमीटर से अधिक था और उसके साथ 13 दांत भी निकालने पड़े। इस वजह से जबड़ा कमजोर हो गया और दांत भी नष्ट हो गए थे। जबड़ा और दांत निकल जाने के बाद युवती को भोजन करने में कठिनाई होने लगी, चेहरा विकृत हो गया और वह अवसाद से जूझने लगी। ऐसे में डॉ. अंशुल राय और उनकी टीम ने पैर की हड्डी (इलिएक क्रेस्ट) से नया जबड़ा बनाकर उसमें 9 डेंटल इम्प्लांट्स लगाए।

# झूठी हैं तान्या मित्तल पाकिस्तान के सेट को बता दिया अपना घर



बिग बॉस 19 की कंटेस्टेंट तान्या मित्तल खबरों में छाई हुई हैं. शो में आते ही उन्होंने माइंड गेम खेलना शुरू कर दिया. तान्या ने बिग बॉस में अपनी लग्जरी लाइफ को लेकर काफी शोऑफ किया. उन्होंने बताया कि उनका घर सपनों जैसा है. बिग बॉस का ये सेट भी उनके घर के सामने छोटा है. अब सोशल मीडिया पर एक होम टूर का वीडियो वायरल हो रहा है. तान्या के फैन पेज से वीडियो पोस्ट किया गया है जिसे लेकर अब सवाल उठ रहे हैं. टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक एक फैक्ट चेक में तान्या के इस घर को फेक बताया गया है. रिपोर्ट में कहा गया है कि वीडियो में जो महल दिखाया गया असल में वो इंडिया नहीं पाकिस्तान का है. वो पाकिस्तानी शो का सेट बताया जा रहा है. इस फैक्ट के सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर लोग साफ कह रहे हैं कि तान्या के दावों पर विश्वास करने से पहले समझदारी दिखाएं. जब से तान्या बिग बॉस में आई हैं वो काफी बोल्ड और सेल्फ कॉन्फिडेंट हैं. हाल के ही एक एपिसोड में तान्या मित्तल ने दावा किया था कि वह कितनी लग्जरी लाइफ जीती हैं. नीलम गिरी को उन्होंने बताया था कि एक फ्लोर सिर्फ उनके कपड़ों के लिए है, सभी फ्लोर पर 5 नौकर, 7 ड्राइवर्स है. उन्होंने कहा था- तुझे 5 या 7 स्टार फीके लगेंगे उसके आगे. 2500 स्क्वायर फीट में तो मेरे कपड़े रहते हैं. तान्या के इन दावों पर सोशल मीडिया पर कई सारे कमेंट वायरल हो रहे हैं. इक यूजर्स ने लिखा है- झूठ बोलने की भी हद होती है. इसी तरह के तमाम कमेंट देखने को मिल रहे हैं।



# बिग बॉस 19 में हुई पहली वाइल्ड कार्ड एंट्री

हर सीजन की तरह 'बिग बॉस' का 19वां सीजन भी काफी चर्चा में बना हुआ है. लोग सलमान के इस शो को काफी पसंद कर रहे हैं. 24 अगस्त को इस शो की शुरुआत हुई थी. उस समय 16 कंटेस्टेंट इस शो का हिस्सा बने थे. हालांकि, अब कंटेस्टेंट की संख्या 16 से 17 हो गई है. दरअसल, इस शो में एक नया कंटेस्टेंट आया है. उस नए कंटेस्टेंट का नाम है शहबाज बदेशा. शहबाज बदेशा एक्ट्रेस शहनाज गिल के भाई हैं. शहबाज एक सिंगर के तौर पर काम करते हैं. इस शो में उन्होंने वाइल्ड कार्ट कंटेस्टेंट के तौर पर एंट्री ली है. 'वीकेंड का वार' के रविवार के एपिसोड में शहबाज की एंट्री हुई है. शहनाज खुद उन्हें इस शो में छोड़ने आई.भाई को 'बिग बॉस' में छोड़ने आई शहनाज ने सलमान से मजाकिया लहजे में कहा कि सर इसे कुछ काम दे दो. शहनाज ने अपने भाई को सलाह देते हुए कहा, शो में रियल रहना. अपना अच्छा और बुरा दोनों साइड दिखाओ. किसी भी चीज को लेकर फेक नहीं बनना.अब देखना होगा कि शहबाज का 'बिग बॉस' का सफर कैसा चलता है. दरअसल, उनके पास 24 अगस्त को ही शो में शामिल होने का मौका था, लेकिन वो हिस्सा नहीं बन पाए थे. शो शुरू होने से पहले दो लोगों के बीच मेकर्स ने वोटिंग कराई थी. पहले थे शहबाज और दूसरे थे मृदुल तिवारी.मेकर्स का कहना था कि दोनों में से जिसे फैंस की तरफ से ज्यादा वोट मिलेंगे वो 'बिग बॉस' का हिस्सा बनेगा. शहबाज की तुलना में मृदुल को ज्यादा वोट मिले थे और वो इस शो में शामिल हो गए थे।

# अहान पांडे-अनीत पड्डा की सैयारा ओटीटी पर हो रही रिलीज



बॉलीवुड में सालों बाद रूहानी रोमांस का सिलसिला अनीत पड्डा और अहान पांडे की डेब्यू फिल्म 'सैयारा' के साथ शुरू हुआ. इस फिल्म की कहानी और म्यूजिक ने दर्शकों का दिल जीत लिया. इसी के साथ इसने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया और रिकॉर्ड तोड़ कलेक्शन किया. 50 दिनों का थिएट्रिकल रन पूरा करने के बाद अब ये फिल्म डिजिटल डेब्यू करने जा रही है. चलिए जानते हैं इसे ओटीटी पर कब और कहां देख सकेंगे ?

## 'सैयारा' ओटीटी पर कब और कहां होगी रिलीज?

यश राज फिल्म्स की रोमांटिक ड्रामा 'सैयारा' 18 जुलाई 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. अब ये अपने ओटीटी डेब्यू के लिए तैयार है. इस फिल्म ने न केवल अहान पांडे और अनीत पड्डा को रातों-रात स्टार बना दिया है बल्कि मेकर्स को भी शानदार कमाई से मालामाल कर दिया है. वहीं जो लोग इस फिल्म को थिएटर्स में देखने से चूक गए हैं वे इसे अब घर बैठे एंजॉय कर सकते हैं. दरअस ऋ़सैयारा' ओटीटी के दिग्गज प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर 12 सितंबर, 2025 को रिलीज हो रही है.

## 'सैयारा' बॉक्स ऑफिस कलेक्शन

'सैयारा' ने बॉक्स ऑफिस पर खूब धूम मचाई है. इस फिल्म ने दुनियाभर में 576 करोड़ का कलेक्शन किया है. वहीं इस फिल्म ने भारत में 337.45 करोड़ का कलेक्शन किया है. इसी के साथ ये फिल्म साल की दूसरी सबसे यादा कमाई करने वाली फिल्म का रिकॉर्ड अपने नाम कर चुकी है.

## सैयारा के बारे में

सैयारा कृष (अहान पांडे) और वाणी (अनीत पड्डा) की इंटेंस लव स्टोरी पर बेस्ड है जो अलग-अलग दुनिया से आने के बावजूद प्यार में पड़ जाते हैं. फिल्म में आलम खान, गीता अग्रवाल, राजेश कुमार, वरुण बडोला, शाद रंधावा, सिड मक्कड़, शान ग्रोवर और नील दत्ता ने भी अहम रोल प्ले किया है. यशराज फिल्म्स के बैनर तले निर्मित इस फिल्म का निर्देशन मोहित सूरी ने किया है. बता दें कि मोहित अपनी सैड लेकिन इंटेंस लव स्टोरी वाली फिल्मों के लिए फेमस हैं जिन्हें फैंस ने खूब पसंद किया है. उन्होंने इससे पहले आवारापन, एक विलेन, आशिकी 2, वो लम्हे, राज़ द मिस्टीरियस कंटीन्यूज़, मर्डर 2, हमारी अधूरी कहानी, मलंग और कई अन्य फिल्मों का निर्देशन किया है।

# संडे को थिएटर में 6 फिल्मों में थी तगड़ी जंग







सितंबर का पहले शुक्रवार को बॉक्स ऑफिस पर बॉलीवुड, साउथ और हॉलीवुड की कई बड़ी फ़िल्में एक साथ रिलीज़ हुई थी. इनमें टाइगर श्रॉफ की बागी 4, विवेक अग्निहोत्री की द बंगाल फाइल्स और हॉलीवुड की हॉरर सीरीज़ द कॉन्ज्यूरिंग लास्ट राइट्स शामिल हैं. वहीं, तमिल की मद्रा और पहले से चल रही परम सुंदरी भी थिएटर्स में मौजूद है. आइए जानते हैं रविवार को इन फिल्मों ने कितना कलेक्शन किया है ?

**'बागी 4' ने संडे को कितना किया कलेक्शन ?**

टाइगर श्रॉफ अपनी एक्शन से भरपूर फिल्मों के लिए जाने जाते हैं और बागी 4 भी इसी कड़ी में एक और नाम है. इस बार उनके साथ संजय दत्त, सोनम बाजवा और हरनाज़ कौर संधू जैसे कलाकार भी हैं. इस फिल्म ने पहले दिन 12 करोड़ रुपये की दमदार शुरुआत की थी, लेकिन दूसरे दिन कमाई घटकर 9 करोड़ रुपये रह गई. दो दिनों का कुल आंकड़ा 21 करोड़ रुपये रहा है.वहीं सैकनिल्क की अर्ली ट्रेड रिपोर्ट के मुताबिक 'बागी 4' ने रिलीज के तीसरे दिन यानी संडे को 10करोड़ की कमाई की है.इसके बाद 'बागी 4' ने तीन दिनों में 31.25 करोड़ का कलेक्शन कर लिया हैं,

**द बंगाल फाइल्स ने संडे को कितना किया कलेक्शन ?**

विवेक अग्निहोत्री की फिल्में हमेशा चर्चा में रहती है. द बंगाल फाइल्स भी विवादों के बीच रिलीज़ हुई थी, लेकिन दर्शकों ने इसमें ज़्यादा दिलचस्पी नहीं दिखाई. पहले दिन फिल्म ने सिर्फ़ 1.75 करोड़ रुपये कमाए, जबकि दूसरे दिन कमाई बढ़कर 2.25 करोड़ रुपये हो गई. कुल मिलाकर दो दिनों का कारोबार 4 करोड़ रुपये रहा.वहीं सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक द बंगाल फाइल्स ने रिलीज के तीसरे दिन यानी संडे को 2.75 करोड़ की कमाई की है.इसके बाद द बंगाल फाइल्स की तीन दिनों की कुल कमाई अब 6.65 करोड़ रुपये हो गई है.

**द कॉन्ज्यूरिंग लास्ट राइट्स ने संडे को कितनी की कमाई ?**

हॉलीवुड की मशहूर हॉरर फ्रेंचाइज़ी द कॉन्ज्यूरिंग का चौथा पार्ट भारतीय दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है. एड और लॉरेन वॉरेन के आखिरी केस पर बेस्ड इस फिल्म ने पहले दिन 17.5 करोड़ रुपये की कमाई की और दूसरे दिन भी इसने 17.5 करोड़ रुपये का ही कारोबार किया हैं. दोनों दिनों का कुल आंकड़ा 35 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है.वहीं सैकनिल्क की अर्ल ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक द कॉन्ज्यूरिंग लास्ट राइट्स ने तीसरे दिन यानी संडे को इसकी कलेक्शन 15.50 करोड़ रुपये हो गया है.इसी के साथ द कॉन्ज्यूरिंग लास्ट राइट्स की तीन दिनों की कुल कमाई अब 50.50 करोड़ रुपये हो गई है.

**मद्रासी ने संडे को कितना किया कलेक्शन ?**

दक्षिण सिनेमा ने अपनी दमदार कहानियों और एक्शन से दर्शकों को हमेशा इम्प्रेस किया है. एआर मुरुगादॉस द्वारा निर्देशित शिवकार्तिकेयन, रुक्मिणी वसंत और विद्युत जामवाल स्टारर तमिल साइकोलॉजिकस एक्शन थ्रिलर मद्रासी ने भी बॉक्स ऑफिस पर शानदार शुरुआत की. पहले दिन इस फिल्म ने 13 करोड़ रुपये और दूसरे दिन 11.75 करोड़ रुपये की कमाई इसी के साथ इसने दो दिन में कुल 25.40 करोड़ रुपये का आंकड़ा छू लिया.वहीं सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक मद्रासी ने रिलीज के तीसरे दिन 10.85 करोड़ की कमाई की है.इसी के साथ मद्रासी ने रिलीज के तीन दिनों में 36.60 करोड़ की कमाई कर ली है.

**परम सुंदरी ने दूसरे संडे कितनी की कमाई**

सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर की फिल्म परम सुंदरी पहले ही सिनेमाघरों में अपनी जगह बना चुकी है। एक हफ्ते में 39.75 करोड़ रुपये की कमाई के बाद, फिल्म ने दूसरे शुक्रवार को 1.85 करोड़ रुपये और दसवें दिन 2 करोड़ रुपये और कमाए.वहीं सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक परम सुंदरी ने रिलीज के 10वें दिन 2.36 करोड़ की कमाई की है.इसी के साथ परम सुंदरी की 10 दिनों की कुल कमाई अब 45.86 करोड़ रुपये हो गई है.लोकाह चैप्टर 1 चंद्रा ने 11वें दिन कितनी की कमाईकल्याणी प्रियदर्शन और नासलेन स्टारर फिल्म लोकाह चैप्टर 1- चंद्रा बॉक्स ऑफिस पर शानदार परफॉर्म कर रही है. इस मलयालम सुपरहीरो फिल्म ने अपने पहले हफ्ते में 54.7 करोड़ का दमदार कलेक्शन किया था. वहीं 9वें दिन फिल्म ने 7.65 करोड़ कमाए और 10वे दिन इसका कलेक्शन 10 करोड़ रुपये रहा.वही सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक लोकाह चैप्टर 1 चंद्रा ने रिलीज के 11वें दिन यानी संडे को 7.85 करोड़ की कमाई की है।

# शक्तिमान, कृष, मिन्नल मुरली जैसे इंडियन सुपरहीरो को टक्कर देगी कल्याणी प्रियदर्शन



इंडियन फिल्म इंडस्ट्री में ऐसी कई फिल्में बनीं जिसे दर्शक आज भी याद करते हैं. इन फिल्मों के जरिए उन्हें कई लेजेंडरी सुपरहीरो भी मिले.चाहे वो कृष हो या शक्तिमान या हो मिन्नल मुरली, इन सभी किरदारों ने दर्शकों को इतना इंप्रेस किया कि दशकों तक ये कैरेक्टर्स ऑडियंस के दिल में सुपरहीरो बन राज करते रहे. लेकिन अब सालों बाद दर्शकों को उनकी पहली सुपर हीरोइन भी मिल चुकी हैं जिसने इस वक्त लाइमलाइट अपने नाम कर ली है. कुछ ही दिनों में उन्होंने सभी को अपना फैन बना लिया और लोग उनकी तारीफों में पुल बांध रहे हैं. हम जिस सुपर हीरोइन की बात कर रहे हैं वो और कोई नहीं बल्कि मशहूर फिल्ममेकर प्रियदर्शन की बेटी कल्याणी प्रियदर्शन हैं. अदाकारा इन दिनों अपनी फैंटेसी सुपरहीरो फिल्म लोका- चैप्टर 1 को लेकर हर जगह छाई हुई है.



इस फिल्म में एक्ट्रेस ने चंद्रा का रोल निभाया था. पॉवर पैक्ड परफॉर्मेंस से उन्होंने ऑडिएंस के मन में अपने किरदार की अमिट छाप छोड़ी है और लोगों का कहना है कि इस फिल्म के जरिए उन्हें भारत की पहली महिला सुपर हीरो मिल गई हैं.

फिल्म में कल्याणी प्रियदर्शन का परफॉर्मेंस इतना बढ़िया था कि ऑडियंस समेत कई बड़े सेलेब्स भी उनकी तारीफ किए बिना नहीं रुक पाए. इस फिल्म के जरिए डोमिनिक अरुण के डायरेक्शन और दुलकर सलमान के प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले लोका फ्रेंचाइजी की शुरुआत हो चुकी है अब आगे के सीक्वल में दर्शकों को कल्याणी का और भी जबरदस्त परफॉर्मेंस देखने को मिलेगा.बंपर कमाई कर रही है लोका- चैप्टर 1 ये मलयालम फिल्म थिएटर्स में 28 अगस्त को रिलीज हुई थी. इसमें कल्याणी प्रियदर्शन को लीड रोल में देखा और नास्लेन के. गफूर , सैंडी , टोविनो थॉमस , अन्ना बेन , चंदू सलीम कुमार , अरुण कुरियन और निशांत सागर ने फिल्म में उनका साथ दिया.

इस वुमन सेंट्रिक फिल्म में दुलकर सलमान और कल्याणी प्रियदर्शन के साथ चंदू सलीमकुमार, अरुण कुरियन और शांति बालचंद्रन को भी देखा गया है. रिलीज के बाद से ही ये फिल्म लगातार चर्चाओं में बनी हुई है.इस फिल्म की कहानी चंद्रा के इर्द-गिर्द घूमती है जिसका किरदार कल्याणी प्रियदर्शन ने निभाया है।

## संक्षिप्त खबरें

### आज से काम नहीं करेंगे दिल्ली की जिला अदालतों के वकील, स्थगित या वापस नहीं होगी हड़ताल... फैसला बरकरार



**नई दिल्ली :** दिल्ली की जिला अदालतों के सभी बार संघों की समन्वय समितियां 8 सितंबर से शुरू होने वाली वकीलों की हड़ताल को स्थगित या वापस नहीं लेंगी, यह जानकारी एक पत्र में दी गई है। नई दिल्ली बार एसोसिएशन (एनडीबीए) के पत्र में कहा गया है कि पुलिस द्वारा थानों से अदालतों में वर्चुअल तरीके से साक्ष्य प्रस्तुत करने के मुद्दे पर शनिवार को समिति की एक बैठक हुई। पत्र में कहा गया है कि हम अपनी मांग पर अड़े हैं और दोहराते हैं कि पुलिसकर्मियों को गवाही व साक्ष्य के लिए अदालतों में केवल प्रत्यक्ष रूप से ही उपस्थित होना होगा। एनडीबीए के सचिव तरुण राणा ने कहा कि शनिवार को बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष का एक पत्र मिला, जो दिल्ली के सभी जिला अदालत बार संघों के अध्यक्षों और सचिवों को संबोधित है, जिसमें उनसे चल रहे आंदोलन को वापस लेने का अनुरोध किया गया है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत, फंदे से लटका मिला शव

**मोदीनगर।** नगर के गांव सीकरी कलां में रविवार को महिला ममता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। ममता का शव फंदे से लटका मिला। ममता के भाई ने हत्या कर शव फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया। मौके पर पहुंचीं पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की। ममता (45) की शादी करीब 25 साल पहले सीकरी कला निवासी नरेंद्र के साथ हुई थी। ममता के दो पुत्र व दो पुत्री हैं। दोनों पुत्रियों की शादी हो चुकी है। रविवार को छोटा बेटा भरत अपने कमरे में था। नरेंद्र किसी काम से बाहर गए थे। भरत कमरे से निकला तो मां ममता का शव चौखट से लटका मिला। भाई ने आरोप लगाया कि ममता की हत्या कर शव फंदे पर लटका दिया गया। एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना ने बताया कि मामला खुदकुशी का लग रहा है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा। तहरीर प्राप्त होने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### मोबाइल टावर उपकरण व वाहन चोरी करने वाले गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** सिहानीगेट पुलिस ने मोबाइल टावर उपकरण व वाहन चोरी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनकी निशानदेही पर चोरी की एक बाइक, भारी मात्रा में मोबाइल टावर के उपकरण व घटना में प्रयुक्त कार बरामद हुई। आरोपियों ने पूछताछ में अपने नाम आमिर, अय्यूब व सलीमुद्दीन निवासी सैफपुर, थाना हस्तिनापुर, मेरठ और निखिल निवासी शाहपुर बटावली, बहसूमा, मेरठ बताए।

एसीपी पूनम मिश्रा ने बताया कि जो बाइक आरोपियों से बरामद हुई, उसको उन्होंने दादरी गौतमबुद्धनगर और मोबाइल टावर के डिवाइस आरोपियों ने राजस्थान से चोरी करने की बात कबूली। निखिल नाम के आरोपी पर हस्तिनापुर मेरठ के थाने में लूट का एक मुकदमा दर्ज होने की बात अभी तक सामने आई है। आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जांच चल रही है। चारों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। उनको वहां से जेल भेज दिया गया।

## पंजाब में बाढ़ पीड़ितों के लिए भाजपा ने 52 ट्रकों में राहत सामग्री भेजी, आतिशी ने पूछे सवाल

**नई दिल्ली :** पंजाब में भीषण बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए प्रदेश भाजपा ने रविवार को राहत सामग्री से भरे 52 ट्रकों को रवाना किया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि इस कठिन समय में राजनीति से ऊपर उठकर पंजाब की मदद करना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि अगर देश का दिल दिल्ली में धड़कता है तो दिल्ली की धड़कन पंजाब में बसती है। पंजाब के अन्नदाता किसानों के साथ पूरी दिल्ली खड़ी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संगठन ने यह सीख ली है कि जब भी दुनिया में कहीं विपदा आती है, भारत हमेशा मदद के लिए आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि पंजाब हमारे देश का नवरत्न राज्य है, जिसने हर समय देश को सहयोग दिया है। ऐसे में यह हमारा कर्तव्य है कि उसकी मुश्किल घड़ी में हम हर संभव मदद करें।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के साथ पूरी दिल्ली खड़ी है और राहत सामग्री से भरे 52 ट्रकों का काफिला सिर्फ शुरूआत है। आगे भी सेवा लगातार जारी रहेगी। सचदेवा ने बताया कि राहत सामग्री में राशन, दवाइयां, मच्छरदानी, तिरपाल, बर्तन, कंबल, जूते-चप्पल सहित रोजमर्रा की वस्तुएं शामिल हैं। मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि पंजाब हमेशा से देश की रक्षा और समृद्धि के लिए खड़ा रहा है, इसलिए आज पूरे देश का फर्ज है



कि वह पंजाब की मुश्किल घड़ी में साथ खड़ा हो। उधर, पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने सीएम रेखा गुप्ता से सवाल पूछते हुए एक्स पर पोस्ट किया कि रेखा गुप्ता जी, आपने दिल्ली को बाढ़ से बचाने के लिए क्या किया। दिल्ली में जिस दिन भी बारिश आती है, पूरी दिल्ली झील में बदल जाती है, हर जगह जलभराव हो जाता है। रेखा गुप्ता जी, आपने दिल्ली को जलभराव और बाढ़ से बचाने के लिए क्या किया? सीएम रेखा गुप्ता जी और उनकी सरकार ने कोई तैयारी नहीं की थी। जब आप की सरकार थी तब हम मानसून के 3 महीने पहले ही साफ सफाई कराते थे और उसके बाद भी जहां पानी भरता था, वहां खुद खड़े होकर सफाई कराई जाती थी।

## पशु चोरी करने वालों ने की थी कारोबारी से छिनैती की वारदात

**कौशांबी।** सीमांत विहार निवासी बेकरी कारोबारी राजेश को पिस्टल व चाकू दिखाकर चेन छिनैती करने वाले कार सवार आरोपियों को पुलिस ने रविवार सुबह मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया मामले का खुलासा किया। आरोपी दिल्ली के राजपार्क स्थित मंगोलपुरी निवासी सुजल, बेगमपुरी के कैलाश विहार का रहने वाले संदीप और विशाल हैं। मुठभेड़ में आरोपी सुजल के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। पूछताछ में तीनों आरोपियों ने 25 अगस्त की सुबह बेकरी कारोबारी से छिनैती करने की बात स्वीकार की है। तीनों के पास से वारदात में इस्तेमाल हुई कार, चाकू, तमंचा व कुछ नकदी बरामद हुई है। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि सात सिंतबर की सुबह 2/5 की पुलिया पर पुलिस चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक कार को चेकिंग के लिए रोकने का प्रयास किया था। कार चालक ने गाड़ी रोकने की जगह दूसरे रास्ते पर दौड़ा दिया लेकिन कुछ दूरी पर ही कार टकराने की वजह से रुक गई। तीनों आरोपी गाड़ी से निकलकर फायरिंग करते हुए भागे। जवाबी कार्रवाई में एक गोली आरोपी सुजल के पैर में लगी। इसके बाद पुलिस ने तीनों को दबोच लिया। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि तीनों मिलकर गाजियाबाद व दिल्ली-



एनसीआर क्षेत्र में लूट, छिनैती और चोरी की वारदातों को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। एसीपी ने बताया कि तीनों आरोपी मुख्यरूप से पशु चोर हैं। अधिकतर घरों के बाहर बंधे पशुओं को चुराकर उन्हें बेचने का काम करते हैं। पशु चोरी के कई मामले तीनों के खिलाफ दर्ज हैं। जिस कार में आरोपी घूम रहे थे वह कार आरोपी सुजल की थी, जिस पर नकली नंबर प्लेट लगाकर वारदातों को अंजाम देते थे। बताया कि सुजल के खिलाफ लूट, छिनैती व चोरी का माल बरामद होने व आर्म्स एक्ट में एक दर्जन मामले दर्ज हैं।

## दिल्ली में यमुना खतरे के निशान से नीचे, तेजी से कम हो रहा है पानी; लेकिन बीमारियों का खतरा



बैराज के बंद पड़े चार गेट और नदी के बहाव वाले रास्ते

**दिल्ली :** दिल्ली में यमुना नदी खतरे के निशान 205.33 मीटर से नीचे पहुंच गई है। इससे नदी में पानी तेजी से कम हो रहा है। हथिनीकुंड बैराज से हर घंटे सामान्य मात्रा में पानी छोड़ा जा रहा है, जबकि दिल्ली से जल निकासी करीब चार गुना ज्यादा हो रहा है। इससे एक-दो दिन में बाढ़ प्रभावित इलाकों में जन जीवन सामान्य हो जाने की उम्मीद है। बाढ़ प्रभावित इलाके यमुना बाजार, मॉनेस्ट्री मार्केट से गाद निकाली जा रही है। लोगों के घरों में तीन-चार फुट तक गाद जमा है। इस सीजन में 4 अगस्त को यमुना का अधिकतम जलस्तर 207.48 मीटर तक पहुंचा, लेकिन तीन दिन बाद 7 अगस्त को ही स्थिति फिर से सामान्य होती नजर आई। 2023 में आई बाढ़ को देखते हुए ये माना जा रहा था कि इस बार भी जलभराव की स्थिति लंबी खिंच सकती है, लेकिन पहले से बाढ़ की तैयारियां पूरी होने के कारण स्थिति जल्दी सुधरती दिख रही है।

**बाढ़ से निपटने की तैयारियां रहीं कारगर**

आईटीओ सहित दिल्ली के सभी बैराज के गेट पहले ही पूरी तरह खोल दिए गए। इससे यमुना के बहाव में अवरोध नहीं पैदा हुआ। पिछली बाढ़ के लिए आईटीओ में दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल परियोजना के कारण पड़ी मिट्टी और निर्माण कचरा, बड़ी बाधा बने थे। इस कारण दिल्ली को बड़े पैमाने पर बाढ़ की मार झेलनी पड़ी।

### आईटीओ और रिंग रोड पर नहीं बंद हुआ ट्रैफिक

आईटीओ चौराहे पर करीब दो महीने पहले सीवेज सिस्टम को नए सिरे से बदला गया। इस कारण इस बार यमुना में बाढ़ के दौरान इस जगह पर सीवेज ओवरफ्लो के कारण जलभराव नहीं हुआ। 2023 में आईटीओ चौराहे से लेकर राजघाट-सराय काले खां फ्लाईओवर तक सड़क तालाब की तरह दिखती थी। कई बार ज्यादा जलभराव के कारण इस रूट पर ट्रैफिक भी बंद करना पड़ा। इस बार यहां बिल्कुल जलभराव नहीं हुआ।

### यमुना का जलस्तर घटा ...मुश्किलें नहीं

यमुना का जलस्तर कम होने से थोड़ी राहत तो जरूर मिली है लेकिन मुश्किलें कम नहीं हुई हैं। बाढ़ पीड़ितों के लिए बिना संसाधन के टेंट में रात-दिन गुजारना परेशानी का सबब बनता जा रहा है। जलस्तर कम होते ही लोग पानी में गोता लगाते हुए अपने घरों की ओर जा रहे हैं ताकि बचा हुआ सामान निकाल सकें।

पीड़ितों का कहना है कि बाढ़ की वजह से जो कुछ भी था, सब बर्बाद हो चुका है। अब संसाधनों की कमी है। यमुना खादर निवासी सुमित कुमार ने बताया कि बाढ़ में सब कुछ खो दिया है। यहां तक कि जो जरूरी कागजात थे, जैसे आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड और स्कूल की मार्कशीट के साथ अन्य सभी जरूरी प्रमाण पत्र सब यमुना में बह गए। वहीं, पुराना उस्मानपुर निवासी लवकुश ने बताया कि इन टेंटों में जिंदगी बसर करना बहुत मुश्किल है। खाने से लेकर पीने के पानी तक के लिए दूसरों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। उसने कहा कि यहां कुछ एनजीओ वाले आते हैं, जो अभी मदद कर रहे हैं लेकिन यह नाकाफी है। टेंट में कुछ लोगों को खाना मिलता है कुछ को नहीं मिलता है। इसके अलावा कैंपों में चिकित्सा सेवाओं की भी कमी है।

### मच्छर से बढ़ रहा बीमारी का खतरा

बाढ़ पीड़ितों ने बताया कि राहत शिविर में रात को मच्छर काटते हैं, जिससे यहां रात गुजारना किसी चुनौती से कम नहीं है। मच्छरजनित बीमारी होने की संभावना बढ़ रही है। राहत शिविर में मच्छरजनित बीमारियों को रोकने के लिए प्रशासन की ओर से छिड़काव कराया जा रहा है।

### बिजली कर्मचारी के साथ बदमाशों ने की मारपीट

**फरीदाबाद।** गांव मोहना के पास ड्यूटी से घर लौट रहे बिजली कर्मचारी के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। बदमाशों ने लाठी-डंडों से हमला कर कर्मचारी को घायल कर दिया। थाना छांयसा पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बलई निवासी अरुण ने बताया कि वह बिजली निगम के खेड़ी कलां सब डिवीजन में कर्मचारी है। तीन सितंबर की शाम को वह ड्यूटी से अपने घर लौट रहा था। मोहना गांव के पास पहुंचकर वह रोड किनारे खड़ा था तभी गांव अमरपुर निवासी रोहित लांबा, मानी रोहित उर्फ टीटू और कुलैना गांव निवासी गौरव उससे गाली-गलौज करने लगे। अरुण ने बताया कि कुछ समय पहले आरोपी रोहित लांबा और उसके चचेरे भाई सोनू लांबा के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। उसी का बदला लेने के लिए आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर उनके ऊपर हमला कर दिया। परिजनों ने उपचार के लिए उसे निजी अस्पताल में भर्ती करवाया है।

### घरेलू सहायिका ने सोसाइटी के फ्लैट में लगाया फंदा


**गुरुग्राम।** खेड़कीदौला थाना के अंतर्गत ओरिस सोसाइटी सेक्टर-85 के एक फ्लैट में घरेलू सहायिका ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। अभी आत्महत्या के कारणों का पता नहीं लगा है। खेड़कीदौला थाने की पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। मृतका की पहचान उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ निवासी कविता (25 वर्ष) के रूप में हुई है। वर्तमान में वह परिवार वालों के साथ सिकंदरपुर में किराये पर रहती थी और घरों में घरेलू सहायिका के रूप में काम करती थी। शनिवार की शाम को उसने सेक्टर-85 स्थित ओरिस सोसाइटी के एक फ्लैट में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जांच अधिकारी सुरेंद्र ने बताया कि घटनास्थल वाले कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। वहीं, मृतका के परिवार वालों के बयान भी दर्ज किए गए हैं, जिसमें कोई संदिग्ध बात सामने नहीं आई है।

### सड़क हादसे में बुलेट सवार की मौत

**गुरुग्राम।** द्वारका एक्सप्रेसवे पर शनिवार की रात तेज रफ्तार बुलेट ने कार को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में बुलेट सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में पहुंचाया और युवक के परिजनों को भी हादसे के बारे में सूचना दी।

## द्वारका एक्सप्रेसवे के पास के गांवों के लोगों को टोल टैक्स मुक्त किए जाने की मांग

**गुरुग्राम।** द्वारका एक्सप्रेसवे पर जल्द ही टोल टैक्स शुरू होने वाला है। द्वारका एक्सप्रेसवे की सड़क बनाए जाने में दिल्ली और गुरुग्राम के किसानों की जमीनें गई हैं। दिल्ली और गुरुग्राम में टोल के पास के गांव और कॉलोनियों के निवासियों ने रविवार को द्वारका एक्सप्रेसवे टोल टैक्स की माफी की मांग को लेकर टोल के पास पंचायत की और सांकेतिक धरना दिया।



इस मौके पर बजघेड़ा, बृजवासन, भरतल, बामदोली, धुल सरस, छावला, शाहबाद, बाबूपुर, जहाजगढ़, सरायअलावर्दी, चौमा, दौलताबाद, धनवापुर, खेड़की माजरा, धनकोट, न्यू पालम विहार और कई ग्रुप हाउसिंग सोसाइटियों ने प्रतिनिधियों ने इसमें हिस्सा लिया।

धरने में दादा मोटे कमेटी, धनंजय और रिशीराज राणा के नेतृत्व में हुई पंचायत में ग्रामीणों ने अपनी बात रखी। इस दौरान गुरुग्राम नगर निगम के पूर्व पार्षद रिशीराज राणा वार्ड पांच के राम अवतार राणा, वार्ड छह के पार्षद सतपाल, साई कुंज सोसाइटी के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष राकेश राणा, प्रवीण आदि मौजूद थे।

### पत्नी ने पति समेत छह के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

**गाजियाबाद।** तलाक होने से पहले पति ने पत्नी का उनकी बिना अनुमति के बायोडाटा मैट्रिमोनियल साइट पर अपलोड कर दिया। इससे नाराज पत्नी ने पति सहित ससुराल पक्ष के छह लोगों के खिलाफ मधुबन बापूधाम थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मोरटा की आंचल अग्रवाल ने पुलिस को बताया कि उनकी शादी 19 अप्रैल 2018 को दिल्ली शाहदरा के आशीष गुप्ता के साथ हुई थी। पति सहित ससुर, सास, जेठ, जेठानी और नंद शादी में दिए गए दहेज से संतुष्ट नहीं थे। दहेज की मांग की जा रही थी। अगस्त 2022 में ससुराल वालों ने उन पर व उनके भाई पर जानलेवा हमला किया। उनके भाई ने उस दौरान भी मधुबन बापूधाम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पति से उनका तलाक नहीं हुआ है। तलाक का मुकदमा कड़कड़डूमा कोर्ट दिल्ली में चल रहा है। तलाक होने से पहले ही उनके व उनके परिवार की सहमति के बिना पति ने मैट्रिमोनियल साइट्स व फेसबुक पर शादी के लिए उनका बायोडाटा अपलोड कर दिया। बायोडाटा में उनका फोटो व उनके परिवार का मोबाइल नंबर डाल दिया। बायोडाटा से नंबर लेकर लोग उन्हें फोन करके परेशान कर रहे हैं। इससे उनके परिवार को सदमा पहुंचा है। वह मानसिक रूप से परेशान हैं। पीड़िता एक अगस्त 2025 को मुख्यमंत्री जन सुनवाई पोर्टल पर इसकी शिकायत दर्ज कराई थी।

### फरीदाबाद हादसे में तीन की मौतः घर में अउ फटने से लगी आग, पति-पत्नी और बेटी की गई जान; बेटे की हालत गंभीर

**फरीदाबाद :** फरीदाबाद की ग्रीनफील्ड कॉलोनी में मकान के बाहर लगे एसी की आउटडोर यूनिट में आग लगने से हादसा हो गया। घर के अंदर दम घुटने से पति, पत्नी व बेटी की मौत हो गई है। वहीं बेटे की हालत गंभीर है। ग्रीनफील्ड्स कॉलोनी के गेट संख्या 10 के अंदर बनी एक बिल्डिंग के एक फ्लैट में एसी यूनिटमें शॉर्ट शर्किट हो गया। जिसकी वजह से आग फैल गई। मिली जानकारी के मुताबिक, इस हादसे में पति-पत्नी और बेटी की मौत हो चुकी है। फिलहाल, गंभीर हालत में बेटे को अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां पर उसका इलाज चल रहा है। मृतकों में पति- सचिन कपूर, पत्नी रिंकू और बेटी सुजान शामिल हैं। वहीं बेटे आर्यन का अस्पताल में इलाज चल रहा है। बता दें कि पहली मंजिल पर एसी के बाद अंदर फ्लैट में आग फैली तो परिवार बचने के लिए नीचे आ गया। सीढ़ियों में धुंआ होने के चलते ये परिवार दूसरी मंजिल पर ही फंस गया। धुआं इतना भर गया कि अंदर दम घुटने से दंपति, बेटी और कुत्ते की मौत हो गई। युवक गंभीर हालत में है। इस बिल्डिंग में तीसरी मंजिल भी इसी परिवार की है। लेकिन वो खाली है।

## परिवार से लूट के दोषी को सात साल की कैद

**फरीदाबाद।** तमंचे के बल पर कार रुकवाकर परिवार से लूट के दोषी भूपेंद्र उर्फ सोनू को जिला अदालत ने सात साल कैद की सजा दी है। पुख्ता सबूतों व गवाहों के आधार पर उसे दोषी करार देते हुए अदालत ने फैसला सुनाया। दोषी पर 10,500 रुपये जुमार्ना भी लगाया गया है। वहीं मामले में दूसरे आरोपी यूपी अंबेडकर नगर निवासी रवि शुक्ला को जिला अदालत ने सबूतों व गवाहों के अभाव में बरी कर दिया है।



धौज थाने में मामले की एफआईआर 10 दिसंबर 2018 को दर्ज हुई थी। गुरुग्राम के मारुति विहार निवासी करनवीर सिंह नौ दिसंबर 2018 को अपने बच्चों के साथ कार से जा रहे थे। फरीदाबाद टोल के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने तमंचे दिखाकर कार रुकवाने का प्रयास किया। करनवीर सिंह ने कार तेजी से चलाकर भागने का प्रयास किया लेकिन आरोपियों ने ओवरटेक कर बाइक कार के आगे लगा दी। आरोपियों ने ज्वेलरी, नकदी, डेबिट कार्ड व मोबाइल लूट लिए। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की।

बाद में पुलिस ने भूपेंद्र उर्फ सोनू व रवि शुक्ला को दो अन्य मामलों में गिरफ्तार किया। उसी पूछताछ में दोनों ने लूटने की बात कबूली। पुलिस ने इनके खिलाफ चालान तैयार कर अदालत में पेश किया। ट्रायल के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से पुख्ता सबूत व गवाह पेश किए गए। बचाव पक्ष की ओर से दलीलें दी गईं। सभी पक्षों को सुनकर जिला अदालत ने रवि शुक्ला को बरी कर दिया है। वहीं भूपेंद्र उर्फ सोनू को दोषी करार देते हुए सात साल कैद की सजा दी है।

## स्ट्रोक और दिल के दौरे से उबारने में मददगार है फिजियोथेरेपी, चोट में भी कारगर

**दिल्ली :** स्ट्रोक और दिल के दौरे से उबारने में फिजियोथेरेपी मददगार है। सर्जरी, चोट और बीमारी के बाद शरीर की रिकवरी में भी फिजियोथेरेपी से सहायता मिलती है। यह दावा फिजियोथेरेपिस्ट का है।

डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल की फिजियोथेरेपी विभाग प्रमुख डॉ. पूजा सेठी ने बताया कि दिल का दौरा पड़ने के बाद जब मरीज उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती होता है तो सर्जरी के बाद शारीरिक तौर पर सक्रिय करने के लिए फिजियोथेरेपी की जरूरत होती है।

कार्डियक रिहैब कार्यक्रम के तहत हृदय को मजबूत बनाने और सहनशक्ति बढ़ाने के लिए व्यायाम प्रशिक्षण दिया जाता है। बाईपास, एंजियोप्लास्टी, हार्ट ट्रांसप्लांट की सर्जरी कराने वाले मरीजों की भी फिजियोथेरेपी होती है। तीन-चार हफ्ते मरीज को सामान्य होने में लगते हैं। मल्टीपल स्कारलेसिस, स्पाइनल कॉर्ड इंजरी और स्ट्रोक होने पर भी फिजियोथेरेपी की मदद से मरीज को चलने-फिरने के काबिल बनाया जा सकता है। उसके लिए मरीज को



अलग-अलग व्यायाम कराएं जाते हैं।

उन्होंने बताया कि फिजियोथेरेपिस्ट आपकी शक्ति, संतुलन, समन्वय और लचीलापन बढ़ाने के लिए व्यक्तिगत व्यायाम कार्यक्रम तैयार करने में विशेषज्ञ होते हैं। इसमें कुछ व्यायाम ऐसे होते हैं जिन्हें घर पर भी आसानी से किया जा सकता है। इसमें कुर्सी से बैठने और खड़े होने के व्यायाम में स्क्वैट्स करना, खड़े होकर वस्तुओं तक पहुंचना, विभिन्न दिशाओं में कदम उठाना, अलग-अलग गति और परिस्थितियों में चलना शामिल है। इसके अलावा जमीन से उठना, चलना, योग और संतुलन बढ़ाने वाले व्यायाम भी लाभदायक होते हैं।

वैश्विक तौर पर 50 वर्ष और उससे अधिक आयु के लगभग 12 फीसदी लोगों में कमजोरी का मूल्यांकन किया गया है। लगभग 46 फीसदी लोगों में कमजोरी की पूर्व अवस्था मिली। इस कमजोरी को भी फिजियोथेरेपी की मदद से दूर किया जा सकता है।

### रोबोटिक स्कैनिंग लेजर से मिलेगी थेरेपी

डॉ. पूजा सेठी बताया कि अस्पताल में आठ सितंबर को रोबोटिक स्कैनिंग लेजर और डीप ऑसिलेशन थेरेपी का शुभारंभ किया जा रहा है। रोबोटिक स्कैनिंग लेजर के जरिये पूरे शरीर की स्क्रीनिंग कर सकेंगे। इससे शरीर के दर्द वाले हिस्से की पहचान में मदद मिलेगी और लेजर से थेरेपी दी जा सकेगी। साथ ही मरीजों के लिए डीप ऑसिलेशन थेरेपी सुविधा की शुरूआत की जा रही है।

### बैंक का डीएसए अधिकारी बन तीन लोगों से ठगे 7.50 करोड़

**गाजियाबाद।** वसुंधरा सेक्टर दो ए निवासी राजेंद्र वर्मा, उनके परिचित पंकज पाराशर और प्रिंस त्यागी से दो लोगों ने बैंक से नीलाम होने वाली संपत्ति कम दाम में दिलाने का झांसा देकर 7.50 करोड़ की ठगी कर ली। पीड़ितों का आरोप है कि शक्तिखंड चार निवासी चंद्रभान रावत और दुहाई निवासी प्रवीण चौधरी ने खुद को अलग-अलग निजी बैंकों का डायरेक्ट सेलिंग एजेंट (डीएसए) बताया था। आरोपियों ने वैशाली सेक्टर एक में अपना कार्यालय भी खोल रखा था। दोनों पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। पुलिस ने छह सितंबर की रात मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दर्ज मुकदमे में राजेंद्र वर्मा ने बताया कि चंद्रभान रावत और प्रवीण ने खुद को कई निजी बैंकों का डीएसए बताया। इसके बाद बताया कि वह बैंक की तरफ से होने वाली नीलामी में बिकने वाली संपत्तियों का सौदा कम दाम में करवा सकते हैं।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक और प्रकाशक शरद पाराशर द्वारा साईं प्रिंटर्स म.नं. 19 शॉप नं. 3 सिंधी पुलिस चौकी के पास जहांगीराबाद, भोपाल म.प्र.से मुद्रित करवाकर ए-52 कस्तूरबा नगर भोपाल से प्रकाशित।
संपादक- शरद पाराशर मो.9425023929, समाचार सम्पादक :-सेजल दीक्षित (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा।)